दैनिक हिन्दी अख़बार


# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 73 | जयपुर, बुधवार, 21 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### विराट के घर गूंजी किलकारी, अनुष्का ने बेटे को दिया जन्म



**नई दिल्ली।** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के घर के एक नए मेहमान ने दस्तक दी है। दोनों एक बार फिर से पेरेंट्स बन गए हैं। हालांकि, अनुष्का ने 15 फरवरी को बेटे को जन्म दिया, लेकिन इसकी जानकारी 20 फरवरी को दी। इस बात की जानकारी पूर्व कप्तान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया के जरिए दी। कोहली ने अपने इंस्टा हैंडल से बताया कि 15 फरवरी को उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम 'अकाय' रखा गया है। इस पोस्ट में लिखा कि 15 फरवरी को हमने अपने बेटे अकाय और वामिका के छोटे भाई का इस दुनिया में स्वागत किया है।

### आज शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच करेंगे किसान



**नई दिल्ली।** पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे हजारों की संख्या में किसान बुधवार को दिल्ली कूच करेंगे। किसानों ने यह फैसला केंद्र सरकार की बैठक के बाद लिया है। शंभू के साथ खनौरी बॉर्डर से भी किसान दिल्ली जाने के लिए हरियाणा में घुसेंगे। इसके लिए सुबह 6 बजे ही ट्रैक्टर लाइन में लगा दिए जाएंगे। बॉर्डर पर सीमेंट के गार्डर, कंटीली तार और सात लेयर की बैरिकेडिंग को देखते हुए किसान जेसीबी और हाईड्रोलिक क्रेन जैसी मशील लेकर पहुंच गए हैं।

■ पेज 8 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**राज्यसभा सदस्य चुनाव:** प्रदेश से अभी भी उच्च सदन में कांग्रेस के ज्यादा सदस्य, BJP ने जीती दो सीटें

# सोनिया गांधी पहली बार राजस्थान से बनीं राज्यसभा सांसद

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनी गईं। इसके अलावा, भाजपा के चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को भी राज्यसभा के लिए चुना गया है। मंगलवार को नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिन था। राजस्थान विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि किसी अन्य उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा, इसलिए तीनों निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 70 सदस्य हैं। प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटें हैं। नतीजों के बाद राज्यसभा में राजस्थान से कांग्रेस के छह और भाजपा के चार सदस्य होंगे।







### रायबरेली से इस बार नहीं लड़ रहीं लोकसभा चुनाव

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी आम तौर पर उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ती रही हैं। हालांकि इस बार 77 वर्षीय कांग्रेस नेता ने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान किया है। सोनिया गांधी ने 14 फरवरी को जयपुर में राज्यसभा के लिए नॉमिनेशन फाइल किया था। यह पहला मौका है जब सोनियां गांधी राज्यसभा सांसद बनी हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की जगह ली है। अप्रैल में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के राज्यसभा का कार्यकाल पूरा हो रहा है।



### डोटासरा ने लिया सर्टिफिकेट

सोनिया गांधी की तरफ से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उनके निर्वाचन का सर्टिफिकेट लिया। बहुमत के हिसाब से यहां निर्विरोध निर्वाचन तय था। सोनिया अब तक लोकसभा चुनाव लड़कर ही संसद पहुंची थी, ये पहली बार है कि वे राज्यसभा जा रही हैं।

### राजस्थान में कांग्रेस के पास 6 सीटें

राजस्थान में राज्यसभा सदस्य भूपेंद्र यादव (भाजपा) का कार्यकाल 3 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। तीसरी सीट भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा के विधायक चुने जाने के बाद दिसंबर में सदन से इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी। उनकी जगह पर बीजेपी ने अपने पूर्व विधायकों को राज्यसभा भेजा है। इनमें गरासिया एसटी से और राठौड़ ओबीसी से आते हैं। गौरतलब है कि राजस्थान में राज्यसभा की 10 सीटें हैं। कांग्रेस के पास छह और बीजेपी के पास चार सीटें हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का कड़ा निर्णय... BJP को बड़ा झटका**

# चंडीगढ़ में होगा AAP का मेयर, SC ने पलटा फैसला

एजेंसी | नई दिल्ली

चंडीगढ़ के मेयर अब आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मतपत्रों में गड़बड़ी कर गलत नतीजा देने के आरोपों की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने इस दौरान बड़ा फैसला लेते हुए चुनाव अधिकारी के रवैये को अपराध करार दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने अपराध किया था। इसके साथ ही अदालत ने चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को अवमानना का नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि चुनाव अधिकारी ने यहां गलत जानकारी दी। इसलिए उन्हें अवमानना का दोषी ठहराया जाता है और उनके खिलाफ केस चलेगा।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय बेंच ने कहा कि जिन बैलट पेपरों को अवैध घोषित किया गया था, वे सही हैं। ऐसे में दोबारा चुनाव कराने या फिर वोटों को दोबारा से गिनने की जरूरत ही नहीं है। यदि अवैध घोषित किए गए वोटों को भी जोड़ लिया जाए तो आम आदमी पार्टी को कुल 20 वोट मिले हैं और उसके उम्मीदवार कुलदीप कुमार को ही विजेता घोषित किया जाता है। इस तरह आम आदमी पार्टी को बड़ी जीत मिली है, जो लगातार यह आरोप लगा रही थी कि मेयर चुनाव में गड़बड़ी हुई है और जानबूझकर उसे मिले वोटों को अवैध घोषित कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में चुनाव अधिकारी साफ तौर पर दोषी हैं। उन्होंने चुनाव में गड़बड़ी की थी और फिर अदालत में भी गलत जानकारी दी। इसलिए उनके खिलाफ अवमानना का केस चलाया जाए। कोर्ट की टिप्पणी के बाद आम आदमी पार्टी में जश्न शुरू हो गया है।

### कहा... चुनाव अधिकारी ने किया अपराध



### केजरीवाल ने किया ट्वीट 'थैंक्यू सुप्रीम कोर्ट'

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का आम आदमी पार्टी ने स्वागत किया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा किया है। केजरीवाल ने लिखा कि इस मुश्किल समय में लोकतंत्र को बचाने के लिए थैंक्यू सुप्रीम कोर्ट। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी का दंभ भरने वाली बीजेपी देश की सबसे युवा पार्टी से चुनाव जीतने के क्या-क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि ये लोग कैमरे के सामने ऐसा कर रहे हैं तो जहां कैमरे नहीं है वहां ये लोग क्या करते होंगे

### 'मसीह सिर्फ मोहरा, पीछे मोदी का चेहरा'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने SC के फैसले पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि 'लोकतंत्र की हत्या की भाजपाई साजिश में मसीह सिर्फ मोहरा, पीछे मोदी का चेहरा' है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को निरंकुश बीजेपी के दंश से बचा लिया है। उन्होंने इस चुनाव के सहारे बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन में संस्थागत तोड़फोड़ मोदी-शाह की लोकतंत्र को रौंदने की कुटिल साजिश का एक छोटा सा नमूना मात्र है।

### सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद: कुलदीप

चंडीगढ़ के मेयर बने कुलदीप कुमार ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह चंडीगढ़ के लोगों और भारत गठबंधन की जीत है। इससे पता चलता है कि भाजपा अपराजेय नहीं है और अगर हम एकजुट रहें तो हम उन्हें हरा सकते हैं।

### सत्य की जीत हुई: मान

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने खुशी जताई। मान ने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई...चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं... पीठासीन अधिकारी द्वारा खारिज किए गए 8 वोटों को सही ठहराते हुए सीजेआई ने आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया। लोकतंत्र की इस महान जीत पर चंडीगढ़वासियों को बहुत-बहुत बधाई।

**समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक के ठिकानों पर ACB की रेड**

# करोड़ों की जायदाद मिली लॉकर आज उगलेगा राज

बेधड़क | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुवालाल पहाड़िया के ठिकानों पर आय से अधिक संपति होने के मामले में छापे मारे हैं। एसीबी के अफसरों द्वारा सर्च के दौरान आय से कई गुना ज्यादा करोड़ों की जायदाद के दस्तावेज मिले हैं। इस संबंध में एसीबी ने सुवालाल पहाड़िया के खिलाफ आय से अधिक संपति का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। आरोपी सुवालाल पहाड़िया की पत्नी के नाम से एक बैंक लॉकर मिला है। एसीबी अब लॉकर की बुधवार को तलाशी लेगी।

एसीबी के डीजी राजीव शर्मा ने बताया कि आय से अधिक संपति की शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की गई। जांच के बाद एडिशनल एसपी हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में अलग-अलग छह टीमों का गठन किया गया और सुवालाल पहाड़िया के आवास व उसके रिश्तेदार-परिजनों के ठिकानों पर छापे मारकर सर्च किया। आरोपी सुवालाल पहाड़िया ने अपने रिश्तेदारों के नाम से संपति ले रखी है। संपति अब वेल्यू आंकी जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### 36 आवासीय व कृषि भूमि के मिले दस्तावेज

एसीबी को सर्च के दौरान पहाड़िया के आवास पर जयपुर शहर व आसपास के इलाकों में आवासीय व व्यवसायिक भूखंड, फ्लेट, म्यूचल फंड व इंश्योरेंस में निवेश करने के दस्तावेज मिले हैं। आरोपी, उसके परिजनों और रिश्तेदारों के नाम से 36 आवासीय व कृषि भूखंडों के दस्तावेज मिले हैं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपए में है। यह भूखंड सर्विस के दौरान खरीदे हैं, जबकि सुवालाल पहाड़िया की आय भूखंडों की कीमत से कई गुना कम है।



### BJP ने किया लोकसभा चुनाव का शंखनाद

*जयपुर। भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर धरातल पर तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को बीकानेर, उदयपुर और जयपुर में अलग-अलग कार्यक्रमों में मौजूद रहे। शाह ने बीकानेर में लोकसभा प्रबंधन समिति, चुनाव समन्वय समिति और लोकसभा कोर कमेटी की बैठक ली। उदयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन और जयपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यों का लेखा जोखा रखा, वहीं कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।* *( विस्तृत समाचार पेज 2 पर)* *फोटो: राजेश कुमावत*

**JEN भर्ती 2020 का कराया था पर्चा लीक**

# 50 हजार का इनामी पेपर लीक गिरोह का सरगना नेपाल बॉर्डर से अरेस्ट


बेधड़क | जयपुर

कनिष्ठ अभियंता भर्ती 2020 के पेपर लीक गिरोह के 50 हजार का इनामी मुख्य सरगना हर्षवर्धन मीणा को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। एटीएस और एसओजी ने यह कार्रवाई की है। एसओजी और एटीएस की टीम ने आरोपी हर्षवर्धन मीणा, राजेंद्र कुमार यादव उर्फ राजू, राजेंद्र कुमार और शिवरतन मोट को गिरफ्तार किया है। आरोपी हर्षवर्धन मीणा दौसा जिले की महुआ तहसील के सालिमपुर गांव का निवासी है। वह पटवारी है। राजेंद्र कुमार यादव थाना कालाडेरा जयपुर और राजेंद्र कुमार यादव पुत्र द्वारका प्रसाद झोटवाड़ा जयपुर निवासी है। वह तृतीय श्रेणी अध्यापक है। शिवरतन मोठ भोजेवाला श्रीगंगानगर निवासी है। वह लाइब्रेरियन है। कनिष्ठ अभियंता भर्ती पेपर लीक मामले में एसओजी अब तक 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें 5 परीक्षार्थी है, जबकि 19 आरोपी पेपर लीक गिरोह से जुड़े हुए हैं। आरोपियों को एसओजी ने कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को पूछताछ के लिए रिमांड पर भेज दिया।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि आरोपी हर्षवर्धन पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। प्रारंभिक जांच में आरोपी हर्षवर्धन द्वारा 50 अभ्यर्थियों को पेपर उपलब्ध कराने की बात सामने आई है। उन अभ्यर्थियों को चिह्नित करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।




हर्षवर्धन (पटवारी)



राजेंद्र (एसआई)



राजेंद्र (टीचर)



शिवरतन (लाइब्रेरियन)

### नेपाल में काट रहे थे फरारी

एसीबी की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी हर्षवर्धन महुआ तहसील के सालिमपुर गांव का रहने वाला है और पटवारी के पद पर कार्यरत है। जेईएन भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद आरोपी हर्षवर्धन व राजेंद्र कुमार नेपाल में फरारी काट रहे थे। आरोपी हर्षवर्धन सरकारी स्कूलों के टीचरों से मिलीभगत करके कर्मचारी चयन बोर्ड व आरपीएससी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करता था। इसके बदले में हर्षवर्धन सरकारी कर्मचारियों को मोटी रकम देता था। यह रकम परीक्षा के लेवल के हिसाब से दी जाती थी। वहीं अभ्यर्थियों से आरोपी हर्षवर्धन पेपर उपलब्ध कराने के लिए परीक्षा के लेवल के आधार पर 5 लाख से 30 लाख रुपए तक वसूल करता था।

### 500 से ज्यादा कर रहे हैं सरकारी नौकरी

आरोपी हर्षवर्धन से अभ्यर्थी पेपर के लिए और उनके स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा में चयन कराने के लिए संपर्क करते थे। आरोपी हर भर्ती परीक्षा का पेपर मोटी रकम देकर हासिल कर लिया जाता था। आरोपी अब तक कर्मचारी चयन बोर्ड व आरपीएससी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में 500 से ज्यादा अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचा चुका है। जो इन दिनों सरकारी विभागों में कार्यरत है। आरोपी भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन कराने की गारंटी देता था और असली अभ्यर्थियों से 5 से 10 लाख वसूल करता था।



### सूचना रखी जाएगी गोपनीय

" एसआईटी को मिलने वाली सूचनाएं गोपनीय रखी जाएगी। कोई भी हेल्पलाइन नंबर 9530429258 और 0141-2609938 नंबर पर भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ होने की सूचना दे सकता है। किसी आरोपी के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर बख्शा नहीं जाएगा।

**वीके सिंह,** एडीजी, एटीएस-एसओजी

**जरूरी खबर**

## शिकायतों की होगी ऑनलाइन मॉनिटरिंग: गुहा



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान रोडवेज में अब यात्रियों की शिकायतों के लिए ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित की जाएगी। इससे यात्रियों की शिकायतों का जल्द निस्तारण किया जा सकेगा। मंगलवार को परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा ने विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत प्रदान करने के लिए संपर्क पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा। गुहा ने सौ दिवसीय कार्ययोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। इस अवसर पर परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोडा, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त (प्रर्वतन) रंजीता गौतम, रोडवेज की कार्यकारी निदेशक अनीता मीना सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## मदरसों में बच्चों को आधुनिक शिक्षण अनिवार्य

**बेधड़क.जयपुर।** शासन सचिव राजन विशाल ने मंगलवार को शासन सचिवालय के मुख्य भवन में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। विशाल ने कहा की अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें इसके लिए सभी अल्पसंख्यक समुदायों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाए। विशाल ने कहा कि मदरसों में आधुनिक शिक्षण देना अनिवार्य है, ऐसा नहीं करने वाले मदरसों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को सभी आवासीय विद्यालयों के समय-समय पर औचक निरीक्षण के निर्देश भी दिए।

## देवनानी ने राठौड़ और गरासिया को दी बधाई



**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को यहां विधानसभा में राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सांसद चुन्नी लाल गरासिया और मदन राठौड़ को बधाई व शुभकानाएं दी। देवनानी ने गरासिया और राठौड़ का माला पहनाकर अभिनन्दन किया और उन्हें राज्य सभा के लिए निर्वाचित होने पर मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री धार्मिक कार्यक्रम में होंगे शामिल, महासम्मेलन को करेंगे संबोधित

# सीएम बनने के बाद आज पहली बार बाड़मेर जाएंगे भजनलाल

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार कल सुबह 11 बजे जयपुर से बाड़मेर के लिए रवाना होंगे। उतरलाई एयरफोर्स बेस 12:30 बजे पहुंचेंगे। सीएम जिले में सबसे पहले गुड़ामालानी के आलमजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव और सेड़वा चालकना में चालकनेची माता मंदिर पैनोरमा लोक दर्शन करेंगे।

वहां पर महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसको लेकर जिला कलेक्टर निशांत जैन ने सभा स्थल, हैलीपेड, डोम सहित सभी तैयारियों का जायजा लिया है। उधर पुलिस सीएम सुरक्षा को लेकर भी पूरे इंतजाम कर लिए हैं। दरअसल सीएम भजनलाल शर्मा का एक दिवसीय बुधवार को बाड़मेर दौरे पर रहेंगे। सीएम जयपुर से सुबह 11 बजे स्पेशल विमान से बाड़मेर के लिए रवाना होंगे। 12.20 बजे उतरलाई उतरने के बाद हेलीकॉप्टर से 12.25 बजे गुड़ामालानी के आलपुरा जाएंगे। जहां आलमजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा व मंदिर दर्शन प्रोग्राम में भाग लेंगे। इसके बाद 1.30 बजे आलपुरा से हेलीकॉप्टर से 1.45 बजे सेड़वा के सोमारडी स्थित चालकनेची माता मंदिर में महासम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान पैनोरमा का दर्शन करेंगे। इसके बाद 2.30 बजे चालकना से बाड़मेर के लिए रवाना होकर 2.55 बजे बाड़मेर पहुंचेंगे। सीएम दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सीमावर्ती सरपंचों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद 5.40 उतरलाई से जयपुर के लिए रवाना होंगे। सीएम के बाड़मेर दौरे को लेकर भाजपाई काफी उत्साहित है। सरकार बनने के बाद पहली बार सीएम का बाड़मेर दौरा है।



### कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

सोमवार को जिला कलेक्टर निशांत जैन ने गुड़ामालानी के आलपुरा ग्राम के प्रोगाम स्थल व हेलीपैड का निरीक्षण किया। स्थानीय अधिकारियों के मीटिंग कर दिशा-निर्देश दिए है। यहां पर सीएम प्राचीन नकलंग आलमजी महाराज मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव प्रोग्राम में शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान गुड़ामालनी एसडीएम रामजी भाई कलबी, सिणधरी एसडीएम प्रमोद कुमार चौधरी, डिप्टी देवी सहाय मीणा सहित आला अधिकारी मौजूद रहे। वहीं एक दिन पहले एसपी नरेंद्र मीणा ने गुड़ामालानी के आलमपुरा और चालकना में प्रोग्राम स्थलों का जायजा लिया।

### आलमपुरा और चालकना में कार्यक्रम

श्री चालकनेची माताजी का मंदिर सेवा संस्थान के चालकना के अध्यक्ष हिंगलाज चारण नांदिया ने बताया कि आध्य शक्ति मां अवाड़ की जन्मभूमि चालकना में 21 फरवरी को अखिल भारतीय चारण गढ़वी शक्ति संचय मय मातृभक्त महासम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें सीएम भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत करेंगे। चारण ने बताया कि अवाड़ माता के मूल जन्म स्थान चालकना में इस प्रोग्राम का आयोजन होगा। प्रोग्राम में पूरे भारत सहित विदेश से भी चारण समाज के एवं 36 कौम के भक्त उपस्थित रहेंगे। गुड़ामालनी क्षेत्र आलमपुरा धोरा स्थित नवनिर्मित प्राचीन नकलंग आलमजी महारा मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आएंगे।

### मेवाड़ से केंद्रीय गृह मंत्री ने किया लोकसभा चुनाव का शंखनाद

# केवल वोट बैंक की सियासत में विश्वास करती है कांग्रेस: शाह

■ भाजपा को प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीतना का आह्वान

**बेधड़क** | उदयपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को मेवाड़ के दौरे पर रहे। यहां बलीचा स्थित कृषि मंडी में शाह ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए राजस्थान की जनता से भाजपा को प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीतना का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कश्मीर के साथ ही कांग्रेस लगातार राम मंदिर को लेकर हमलावर रही, क्योंकि कांग्रेस केवल व केवल वोट बैंक की सियासत में विश्वास करती है। शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश में मनमोहन सिंह की सरकार थी तब पाकिस्तान से आए दिन आलिया, मालिया और जमालिया घुस जाते थे और यहां बम धमाके करते थे, लेकिन मोदी सरकार बनने के बाद पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया। शाह ने कहा कि जिस कश्मीर को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने प्रणों की आहुति दी। हम कहते थे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है।

हम कश्मीर से धारा 370 हटाने को लेकर जब बोलते तब ये लोग हंसते थे, लेकिन 5 अगस्त, 2019 को मोदी सरकार ने धारा 370 को हमेशा के लिए हटा दिया। आज कश्मीर में बम धमाके नहीं होते हैं। दुनिया की कोई ताकत कश्मीर के तरफ आंख उठा कर नहीं देख सकती है।

इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी विजया रहाटकर, भाजपा नेता सावलाराम देवासी, पिंकेश पोरवाल, बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष लाभचंद पटेल, डूंगरपुर जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या, चित्तौड़ जिला अध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट, लोकसभा संयोजक रणजीत सिंह भाटी सहित कई नेता उपस्थित थे।



### राम मंदिर को लेकर कांग्रेस पर प्रहार

राम मंदिर को लेकर अमित शाह ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भगवान राम जो करोड़ों लोगों के आराध्य हैं। वो टेंट में अपमानित होकर अपना स्थान गंवाकर बैठे थे। कांग्रेस ने प्रभु श्रीराम के मंदिर को अटकाकर कर रखा। उनकी मंशा ही नहीं थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस के लोग हम पर राम मंदिर को लेकर ताना कसते थे, लेकिन आखिरकार हमने राम मंदिर को बनवाया।

### इस बार 400 पार

वहीं, शाह ने लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए जनता से 400 पार का आह्वान किया। साथ ही कहा कि राजस्थान से उन्हें सभी 25 सीटो पर जीत चाहिए, ताकि केंद्र में पूर्ण बहुमत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृतव में फिर से सरकार बन सके। आगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विजय यात्रा के आप ही अर्जुन और कृष्ण हो। आपको ही इस यात्रा को आगे बढ़ाना है। वहीं, कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी परिवारवादी पार्टी है, जो पूरी तरह से दिशा विहिन हो चुकी है।

### लोस की हर सीट 5 लाख वोट से ज्यादा जीतेंगे : शर्मा

इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता जिस तरह से मेहनत करता है वो हम जानते है। हमारी सरकार को 2 महीने हुए और हमने संकल्प पूरे करने शुरू कर दिए है। 60 दिन की उपलब्धियां सबके सामने रखी। बजरी, भूमाफिया को हम छोड़ने वाले नहीं है। गैस सिलेंडर 450 रुपए में देना शुरू कर दिया है। जिस दिन से भाजपा सरकार आई है, किसी भी तरह का गैंगवार नहीं हुआ है। आने वाले लोकसभा चुनाव में हर सीट हम 5 लाख वोट से ज्यादा जीतेंगे।

## कांग्रेस का हाल इतना बुरा 18 राज्यों में विपक्ष नहीं बचा

■ सोनिया के राज्यसभा जाने पर साधा निशाना

**बीकानेर।** अमित शाह ने राजस्थान में आते ही मंगलवार को सबसे पहले बीकानेर का दौरा किया। यहां अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा सौभाग्य है कि लोकसभा चुनाव में तीन सीटें देने वाले बीकानेर से इस क्लस्टर बैठक की शुरुआत हो रही है। शाह ने कहा कि दुनिया में बहुत सारे राजनीति दल है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ऐसा दल है जिसका चुनाव जीतने का कारण नेता नहीं बल्कि कार्यकर्ता हैं। कांग्रेस पर तंज़ करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज चंद नेताओं की पार्टी बनकर रह गई है। राजस्थान में कांग्रेस के पास ऐसा कोई नेता नहीं है जिसको राज्यसभा भेजा जा सके, इसलिए सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा में भेजा जा रहा है।

### शाह ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान में तीसरी बार 25 सीटों पर जीत को लेकर बीकानेर से बैठक की शुरुआत की। अमित शाह ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को बूथ पर फोकस करने की बात कही। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने पड़ोस के तीन घरों के मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने की सलाह दी। शाह ने इस पर गंभीरता से काम करने की बात कही। बैठक के दौरान बीकानेर क्लस्टर के तीनों लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, अविनाश गहलोत और सुमित गोदारा से अमित शाह ने बात करते हुए फीडबैक लिया।

## देश 1947 में आजाद हुआ, उसमें प्राण अब मोदी ने फूंके



**जयपुर।** राजस्थान में भाजपा का लोकसभा के लिए चुनावी अभियान शुरू हो गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने एक ही दिन में बीकानेर, उदयपुर और जयपुर का दौरा कर 9 लोकसभा सीटों के कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंगलवार शाम को जयपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधा और भारत की परंपराओं का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत भले ही 1947 में आजाद हुआ हो, लेकिन उसमें प्राण अब जाकर मोदी ने फूंके हैं। उन्होंने एक काम के लिए कांग्रेस की तारीफ भी की। शाह ने कहा कि मोदी ने दस साल में हमारी अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से पांचवे नंबर पर खड़ा कर दिया। एक बार और मौका मिलेगा तो अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर आ जाएगी। जयपुर के माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को जनेऊ पहनाना सिखा दिया। हमने जो भी वादे संकल्प पत्र में किए हैं। उसे हम पूरा करेंगे।

### स्वामी गोविंद गिरि महाराज बोले...

## सेवक की तरह ही कार्य करने से शासक की शोभा

■ 'अमृत काल के लक्ष्य प्राप्त करने में लोक प्रशासन की भूमिका' पर व्याख्यान



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ''अमृत काल के लक्ष्य प्राप्त करने में लोक प्रशासन की भूमिका'' विषय पर मंगलवार को स्वामी गोविन्द गिरि महाराज के व्याख्यान कार्यक्रम आयोजत हुआ। कार्यक्रम में स्वामी गोविन्द गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल की संकल्पना हम सबके सामने रखी, जिसमें उन्होंने नारी, किसान, युवा एवं गरीब चार वर्गों के उत्थान पर विशेष जोर दिया है।

प्रधानमंत्री के इस विजन तथा मुख्यमंत्री की प्रेरणा को पूरा करने के लिए लोकसेवकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि योजना बनाकर धरातल पर लागू करने का काम लोकसेवकों का ही है। उन्होंने कहा कि शासक की शोभा तब बढ़ती है जब वे सेवक की तरह काम करें और सुशासन के लिए प्रशासक जनता को अंकुश के साथ आधार भी दें। लोकसेवकों का दृष्टिकोण पक्षपात रहित होना चाहिए। हरिशचंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### रामराज्य की परिकल्पना में सभी का कल्याण निहित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि अमृतकाल में भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए राम राज्य की सोच और आदर्श पर चलना ही सबसे उपयुक्त है। मुख्यमंत्री मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में "अमृत काल के लक्ष्य प्राप्त करने में लोक प्रशासन की भूमिका" विषय पर स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज के व्याख्यान के अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं लोकसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति के लिए धर्म का पालन बहुत आवश्यक है। सही मार्ग पर चलना, राष्ट्रहित तथा हर व्यक्ति को न्याय मिले यह सब धर्म की अवधारणा में निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में धर्म और मर्यादा के पालन का आदर्श समाज के सामने प्रस्तुत किया। भगवान राम के आदर्शों पर आधारित रामराज्य की अवधारणा में सभी के कल्याण का भाव निहित है।

## विधानसभा जल्द होगी डिजिटल: देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा को डिजिटल बनाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। विधानसभाओं को डिजिटल बनाए जाने के लिए 'वन नेशन - वन एप्लीकेशन' के तहत नेशनल ई- विधान एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा। मंगलवार को विधानसभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में विधानसभा को डिजिटल बनाए जाने के लिए एक बैठक हुई। बैठक में देवनानी ने नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) की जानकारी ली। देवनानी ने बताया कि इस ई- विधान एप्लीकेशन से राज्य विधानसभा के सदस्यों और अधिकारियों को कार्य करने में आसानी होगी।

### कांग्रेस और BAP क्या एक साथ लड़ेंगे चुनाव?

# मालवीय के भाजपा में जाने से बदला वागड़ का सियासी समीकरण

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के दिग्गज और पूर्व अशोक गहलोत सरकार में मंत्री रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीय के बीजेपी में शामिल होने के बाद अब वागड़ (बांसवाड़ा-डूंगरपुर) के राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं।

चर्चा हो रही है कि वागड़ की लोकसभा सीट बचाने के लिए अब भारत आदिवासी पार्टी और कांग्रेस पार्टी हाथ मिला सकती है। यह भी सामने आया कि इन दोनों पार्टियों के बीच में चर्चा भी हुई, लेकिन एक लोकसभा सीट को लेकर असमंजस की स्थिति आ गई थी। हाल ही में राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव की बात करें तो यहां की 9 विधानसभा सीटों पर बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थी। यही नहीं अन्य सीटों पर बीजेपी दूसरे और तीसरे नंबर पर खिसक गई थी। पिछले विधानसभा की तुलना में बीजेपी का करीब 19 प्रतिशत का वोट भी गिरा और यहां आदिवासी पार्टी उभरकर सामने आई थी। भारत आदिवासी पार्टी को 8 विधानसभा सीटों पर करीब 29 प्रतिशत वोट मिला। जबकि कांग्रेस को 33 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिला।



इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दोनों पार्टियों के साथ चुनाव लड़ने की चर्चाएं है। इधर महेंद्रजीत सिंह के भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस उन पर लगातर जुबानी हमले कर रही है। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उन पर जमकर कटाक्ष किए।

### एक सीट पर अटकी बात

कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस और आदिवासी पार्टी के बीच भी चर्चा हुई थी, जिसमें आदिवासी पार्टी उदयपुर सीट से अपने प्रत्याशी को उतारने की बात कर रही थी। इसी बात को लेकर दोनों पार्टियों के बीच आगे बात नहीं बन सकी। बता दें मेवाड़-वागड़ की चार लोकसभा सीटें है, जिसमें से बांसवाड़ा और उदयपुर एसटी आरक्षित सीटें हैं।

### दोनों पार्टियों के नेताओं ने क्या कहा?

भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने कहा कि सभी बातें तो कर रहे हैं, लेकिन अभी इस प्रकार की चर्चा नहीं हुई है। अगर ऐसा कुछ हुआ तो कमेटी में बैठकर फैसला लिया जाएगा। इधर कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे बांसवाड़ा विधायक अर्जुन बामनिया ने कहा कि बाप पार्टी से समझौता नहीं होगा। कांग्रेस अपने स्तर पर चुनाव लड़ेगी और जीतेगी।

### फेल होगा मालवीय का प्लान: डोटासरा

राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा के साथ गए महेंद्रजीत सिंह मालवीय पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के तीखे हमले जारी हैं। उन्होंने एक बार फिर महेंद्रजीत सिंह मालवीय को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने साफ कहा कि "अगर महेंद्रजीत सिंह मालवीय लोकसभा जाने का मंसूबा लेकर भाजपा के साथ गए हैं, तो उनका यह मंसूबा कामयाब नहीं होगा। वे लोकसभा नहीं जा पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि "जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मॉडल है, उस हिसाब से महेंद्रजीत सिंह मालवीय के परिवार में किसी को विधानसभा का टिकट नहीं मिलेगा। ऐसे में राजस्थान में या तो पीएम मोदी का मॉडल फेल होगा या मालवीय का प्लान फेल होगा। डोटासरा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेता जो दावा कर रहे हैं 370 और 400 सीट का। उसमें दम नहीं है। अभी जनता के पास फैसला है। जनता ने दस साल तक मोदी और एनडीए का शासन देखा है। महंगाई, नौकरी, महिला सशक्तिकरण, विदेश नीति, किसान नीति या आर्थिक नीति, सब मुद्दों पर फेल रहे हैं।

### 25 फरवरी के बाद संभव है CEC की बैठक

डोटासरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण के लिए केंद्रीय चुनाव समिति (CEC) की बैठक 25 फरवरी के बाद संभव है। राहुल गांधी की यात्रा 25 फरवरी को राजस्थान में प्रवेश करेगी। इसके बाद कुछ दिन का ब्रेक होगा। इसी दरम्यान CEC की बैठक हो सकती है।

## जरूरी खबर

### स्वास्थ्य केंद्र के पास आग, छह महिलाओं को बचाया



**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में वाटिका राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास रात ढाई बजे भीषण आग लग गई। पुलिस ने स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती छह महिलाओं को बाहर निकालकर जान बचाई। अब तक जांच में सामने आया है कि बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किल होने से थड़ियों में आग लग गई थी। सांगानेर सदर थाने के हैड कॉन्स्टेबल हरदयाल ने बताया कि सूचना पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग ने कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया था। जब आग स्वास्थ्य केन्द्र की ओर बढ़ती दिखाई दी तो भर्ती 6 महिलाओं को पीसीआर में बिठाकर दूर किया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक थड़ी और एक दूध की डेयरी जलकर राख हो गई। थड़ियों में कुल 7 सिलेंडर भरे हुए मिले जो फट जाते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### फूड लाइसेंस और फोस्टेक ट्रेनिंग कैंप कल

**जयपुर।** खाद्य सुरक्षा व चिकित्सा विभाग की ओर से गुरुवार को जगतपुरा स्थित पिटल हाई स्ट्रीट मॉल, महल रोड जगतपुरा में फूड लाइसेंस व फोस्टेक ट्रेनिंग के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होने वाले शिविर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ कारोबारियों को लाइसेंस/ रजिस्ट्रेशन हाथों हाथ बनाकर जारी किए जाएंगे। जिन व्यवसायियों का सालाना टर्नओवर 12 लाख रुपए से अधिक है, उनका लाइसेंस जारी किया जाएगा। फुटकर विक्रेता जिनका सालाना टर्नओवर 12 लाख रुपए से कम है, उनका फूड रजिस्ट्रेशन जारी होगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद किशोर कुमावत और राजेश नागर उपस्थित रहेंगे।

डायरी से सिलेंडर बुकिंग बंद करने से उपभोक्ता हो रहे परेशान

# गैस एजेंसियों का नवाचार उपभोक्ताओं के लिए बना सिरदर्द

**बेधड़क** | जयपुर

ऑयल कंपनियों की ओर से जारी किए जा रहे नवाचार कुछ उपभोक्ताओं के लिए सरदर्द बन रहे हैं। खासकर बुजुर्ग और असाक्षर गैस उपभोक्ताओं के लिए। ताजा मामला डायरी से सिलेंडर बुकिंग बंदकर ऑनलाइन बुक कराने की अनिवार्यता का है।

गौरतलब है कि हाल ही बीपीसीएल ऑयल कंपनी ने अपनी गैस एजेंसियों के काउंटर से गैस बुकिंग की सुविधा बंद करनी शुरू दी है। इसके चलते अब भारत गैस उपभोक्ताओं को खुद के रजिस्टर्ड फोन से ही बुकिंग करवानी होगी। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं को फोन से गैस बुकिंग करवानी नहीं आती या जिनके के पास फोन नहीं है, उनके लिए यह नई व्यवस्था मुसीबत बन गई है। भारत गैस उपभौक्ता गैस एजेंसियों पर बुकिंग करवाने जाते हैं तो उन्हें यहां से बुकिंग नहीं होने या फिर खुद के फोन से ही बुकिंग करवाने का हवाला दिया जा रहा है। ये उपभोक्ता गैस बुकिंग नहीं होने पर बैरंग लौट रहे हैं। ऐसी स्थिति में कई बार एजेंसियों से उपभौक्ताओं की टकराव की स्थिति भी पैदा हो रही है।



### डिलिवरी में लगेगा ज्यादा समय

बीपीसीएल ऑयल कंपनी ने काउंटर गैस बुकिंग की जगह अब डिलिवरी मैन से सिलेंडर बुकिंग का मोबाइल में ऑप्शन दिया है, लेकिन यह कदम डिलिवरी मैन के लिए मुसीबतभरा है। डिलिवरी मैन दिनभर फील्ड में रहता है और ऐसे उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग करना व्यावहारिक नहीं है। हैरानी की बात ये भी हैं कि डिलिवरी मैन बुकिंग करता है तो भी उस बुकिंग को गैस एजेंसी अप्रूर्व करेगी। उसके बाद बुकिंग प्रोसेस पूरा हो सकेगा। इसमें भी गैस एजेंसी को एक-एक बुकिंग को देखकर अप्रूर्व करना होगा। इसमें ज्यादा समय लग रहा है, जबकि पहले एजेंसी के स्तर से एक ही बार में बुकिंग सक्सेस हो जाती थी। ऐसे में बुकिंग में दो स्टेज बनने से गैस सिलेंडर डिलिवरी टाइम में भी देरी होना लाजिमी है। एजेंसियों के पास ऑल बुकिंग अप्रूव या कुछ बुकिंगों को एक साथ बुकिंग पूरी करने का कोई ऑप्शन नहीं दिया गया है।

### यह हो सकता है समाधान

मामले में एक गैस एजेंसी के मैनेजर ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए ऑयल कंपनी को गैस बुकिंग के लिए डबल ऑप्शन देना चाहिए। इसमें एजेंसी काउंटर के साथ डिलिवरी मैन या उपभोक्ता के लिए बुकिंग ऑप्शन चालू रहना चाहिए। साथ ही बुकिंग का ऑप्शन एक ही स्टेज पर रहना चाहिए ताकि डिलिवरी सप्लाई में ज्यादा समय नहीं लगे।

### हमने दिए कई तरह के ऑप्शन

"गैस बुकिंग के लिए हमारी ओर से कई तरह के ऑप्शन दिए गए हैं। सभी गैस उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करवाने के लिए यह ऑप्शन शुरू करवाया, ताकि सभी काम मोबाइल से ही कर लें। फिर भी अगर कोई दिक्कत आ रही है तो उसकी जानकारी लेकर सुधार करवाया जाएगा।

**मनोज कुमार यादव,** सीनियर मैनेजर, सिस्टम डवलपमेंट एलपीजी, बीपीसीएल हेडक्वार्टर, मुंबई

प्रदेश में कई स्थानों पर बरसे बादल, कई जगह ओले भी गिरे

# राजधानी में शाम को पलटा मौसम, गर्जना संग बरसात

**बेधड़क** | जयपुर

पिंकसिटी में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखा। राजधानी में जहां शाम को करीब आधा घंटे बादल बरसे वहीं, प्रदेश में कई स्थानों पर तेज बारिश हुई और ओले भी गिरे। इससे फसलों को नुकसान भी पहुंचा है, जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें नजर आई।

राजधानी में मंगलवार को दिनभर धूप रही। शाम को मौसम ने अचानक पलटा खाया और रात को करीब आठ तेज गर्जना के साथ बरसात शुरू हो गई। करीब आधे घंटें तक कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का दौर चला। एकाएक आई बरसात से शादी ब्याह समारोह वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह तो सामान भी भीग जाने से दिक्क्तों का सामना करना पड़ा। शहर के कई इलाकों में सड़कों पर पानी भी बह निकला। बरसात के चलते देर रात हल्की सर्दी का भी अहसास हुआ।

**चूरू में सबसे नीचे पाराः** चूरू में न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री रहा। इसके अलावा सभी इलाकों में यह 12 डिग्री या इससे अधिक रहा। कोटा में अधिकतम तापमान 35.5 और बाड़मेर में 33.3 डिग्री।



फोटो: राजेश कुमावत

### हनुमानगढ़ और चूरू में ओलावृष्टि

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटे में जैसलमेर, चूरू, सीकर, झुंझुनू जिलों और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। चूरू में ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ। बारिश से हनुमानगढ़ जिले के नोहर कस्बे में सोमवार रात को ओलावृष्टि भी हुई। इस दौरान यहां खेतों-मकानों में बर्फ की सफेद परत जम गई। स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार सोमवार रात 9 से 10 बजे के बीच हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर में बादल छाने के साथ धूल भरी आंधी चली। इसके साथ तेज बारिश शुरू हो गई, जबकि कई जगहों पर ओले गिरे। ओलावृष्टि का सबसे ज्यादा असर हनुमानगढ़ और चूरू के इलाकों में रहा। सीकर के फतेहपुर में भी तेज बारिश होने से सरसों, तारामीरा की फसलों को नुकसान पहुंचा।



### जैसलमेर में 48 साल का रिकॉर्ड टूटा

प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात जैसलमेर जिले में हुई। यहां 48 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। 26 फरवरी 1975 को जैसलमेर में फरवरी के महीने में एक दिन में सर्वाधिक बरसात 26.8 एमएम दर्ज हुई थी, जबकि आज यहां 39 एमएम बरसात हुई। जैसलमेर के अलावा झुंझुनूं में 9, मलसीसर में 5, चूरू के सुजानगढ़ में 5, राजगढ़ में 4एमएम बरसात दर्ज हुई। मौसम विज्ञान के अनुसार एक प्रेरित परिसंचरण तंत्र पाकिस्तान और आसपास के पंजाब क्षेत्र के ऊपर बना हुआ है। इससे यह बारिश का असर देखने को मिला है।

### आज भी बरस सकते हैं बादल

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को पश्चिमी राजस्थान के अधिकतर भागों में मौसम सामान्य तौर पर शुष्क रहेगा। हालांकि, भरतपुर और जयपुर संभाग में बादल छाए रहने और कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष अधिकांश भागों में आगामी तीन-चार दिन मौसम के सामान्य तौर पर शुष्क रहने की संभावना है।

गुर्जर और अरोड़ा ने किया उद्घाटन

# PPL में TOI ने जीत के साथ खोला खाता



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर एवं फर्स्ट इण्डिया सीईओ पवन अरोड़ा ने पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित प्रेस प्रीमियर लीग-2024 का उद्घाटन किया। फर्स्ट इण्डिया सीईओ ने पत्रकारों को लीग की शुभकामनाएं दी। वहीं, ग्रेटर महापौर ने कहा कि पत्रकारों के मनोरंजन के लिए ऐसे आयोजन सराहनीय है।

क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा महासचिव एवं लीग संयोजक रामेन्द्र सोलंकी उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी ने अतिथियों का स्वागत किया। सोलंकी ने बताया कि इस आयोजन में 16 टीमें भाग ले रही हैं। लीग का पहला मैच फर्स्ट इण्डिया रेड बनाम न्यूज-18 के बीच खेला गया। लीग का दूसरा मैच समाचार जगत एवं टाइम्स ऑफ इण्डिया के मध्य खेला गया। टाइम्स ऑफ इण्डिया ने निर्धारित 20 ओवर में 181 रन बनाए। समाचार जगत की टीम 138 रन ही बना सकी। टाइम्स ऑफ इण्डिया ने लीग में जीत से अपना खाता खोला। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़, नीरज मेहरा, अभय जोशी, मुकेश मीणा, मुकेश चौधरी सहित युवा एवं वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे। बुधवार को लीग के दूसरे दिन केएल सैनी स्टेडियम में पहला मैच प्रातः 8:30 बजे महानगर टाइम्स बनाम समाचार प्लस एवं दूसरा मैच दोपहर 12:30 बजे फर्स्ट इण्डिया ब्लू बनाम आईटीजी चौक के बीच खेला जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

जेडीए-निगम की कालवाड़ रोड पर संयुक्त कार्रवाई

# 2 अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले अतिक्रमियों के खिलाफ मंगलवार को संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने जोन -10 में ईकोलोजीकल जोन ग्राम रोपाड़ा में, जबकि नगर निगम टीम के साथ मिलकर जोन-12 में 6 बीघा सरकारी जमीन पर बनी दो अवैध कॉलोनी ध्वस्त कीं। जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-12 में आने वाली कालवाड़ रोड पर करीब 80 स्थानों पर थड़ी-ठेले, तिरपाल, झुग्गी-झोपडी, होर्डिंग-साइन बोर्ड, टीन-शेड, टेबल कुर्सियां, लोहे के एंगल लगाकर अतिक्रमण किया गया था। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या रहती थी। इसको जेडीए और नगर निगम की टीम ने हटाया।

जोन-10 के इकोलोजीकल जोन में ग्राम रोपाड़ा में करीब 3 बीघा सरकारी भूमि पर फिर से अतिक्रमण कर 'आरवी रेजीडेन्सी' के नाम से रातों-रात बनाई गई ग्रैवल-मिट्टी की सड़क, बाउन्ड्रीवाल, टीनसेड नुमा कोटरी समेत अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। वहीं, ग्राम रोपाड़ा में ही दूसरी करीब 3 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति के और बिना भू रूपान्तरण करवाए भूमि को समतल कर 'सुनीता विहार' के नाम से बनाई गई ग्रेवल-मिट्टी की सड़कें और अवैध निर्माण को हटाया गया है।

सीएमएचओ की टीम ने वीकेआई में गोदाम पर मारी रेड

# 9 हजार किलोग्राम मिलावटी घी जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

सीएमएचओ की टीम ने विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल इलाके में एक गोदाम पर मारी रेड मार कर राजधानी में 9 हजार किलो मिलावटी घी जब्त किया। इस मिलावटी घी को अमूल, कृष्णा और लोटस जैसे नामी ब्रांड के नाम से बाजार में बेचा जा रहा था।

सीएमएचओ की टीम ने घी की खैप को सीज करके इनकी जांच के लिए सैंपल लैब भिजवाए है। सीएमएचओ जयपुर डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि स्थानीय पुलिस की टीम के साथ हमारी टीम ने मंगलवार को शाम करीब 4:30 बजे वीकेआई रोड नंबर 13 पर श्री श्याम सेल्स कॉर्पोरेशन के गोदाम पर छापा मारा। इस दौरान यहां 15 किलो पैकिंग में लोटस ब्रांड के 190 टिन, कृष्णा के 252 टिन, महान के 105 टिन और अमूल घी के 51 टिन बरामद हुए। टीम ने मौके पर जब लोटस कम्पनी के प्रतिनिधियों को बुलाकर ब्रांड की जांच करवाई तो उन्होंने बताया कि ये पैकिंग उनकी न होकर नकली है। इसके बाद टीम ने दूसरे ब्रांड की कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी सूचना देकर इसकी जांच करवाने के लिए कहा है। डॉ. फौजदार ने बताया कि प्रथम दृष्टया घी देखने पर मिलावटी लग रहा था, जिसके बाद जब ब्रांड की जांच की गई तो पता चला कि नामी कंपनियों के ब्रांड के नकली पैकिंग करके घी बेचा जा रहा है।



शहीद स्मारक पर धरना दे रहे राजीव गांधी युवा मित्रों की मांग

# सरकार चाहो तो योजना का नाम बदल दो, पर हमारा रोजगार मत छीनो

**बेधड़क** | जयपुर

'सरकार भले ही राजीव गांधी युवा मित्र योजना का नाम बदलकर अटल युवा मित्र या फिर दीनदयाल युवा मित्र योजना कर दे, पर हमसे हमारा रोजगार नहीं छीनें। हम 5000 लोगों का इस योजना की वजह से हमारे परिवार का पालन पोषण हो रहा था।' यह मांग जयपुर के शहीद स्मारक पर धरना दे रहे राजीव गांधी युवा मित्रों ने की।

युवा मित्र संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव रामचंद्र नायक ने बताया कि पिछले 1 महीने से बेरोजगार हुए 5000 युवा मित्र शहीद स्मारक पर धरना दे रहे हैं। अब तक सरकार की ओर से हमसे बातचीत तक नहीं की गई। इस गम में हमारे एक साथी की मौत भी हो गई है। बावजूद इसके हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है। जब सरकार कांग्रेसी नेताओं को बीजेपी में शामिल कर सकती है तो फिर क्यों कांग्रेस सरकार की योजना को बंद कर रही है। इसे भी नाम बदल शुरू रखा जाए। सरकार ने समय रहते ऐसा नहीं किया तो इसका नुकसान लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा।



### कई नेताओं का मिल चुका है समर्थन

नायक ने बताया कि राजीव गांधी युवा मित्रों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के विधायक सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत एक दर्जन विधायक और नेता शहीद स्मारक पहुंचकर धरना दे चुके हैं। वहीं, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायक हनुमान बेनीवाल ने भी युवा मित्रों का समर्थन किया था। इसके बाद से ही प्रदेश में सोशल मीडिया पर भी एक बार फिर राजीव गांधी युवा मित्रों को रोजगार देने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

### क्या है मामला

बता दें कि पूर्व कांग्रेस सरकार के वक्त शुरू हुई राजीव गांधी युवा मित्र को भाजपा सरकार के गठन के बाद बंद कर दिया गया था। इसके बाद पिछले महीने दिसंबर में युवा मित्रों ने शहीद स्मारक पर 5 दिन (27 दिसंबर से 31 दिसंबर) का धरना दिया था। इसके बाद 13 जनवरी से एक बार फिर प्रदेशभर के युवा मित्र सरकार के खिलाफ शहीद स्मारक पर धरना दे रहे हैं, लेकिन अब तक सरकार के स्तर पर इस मुद्दे पर कोई चर्चा तक नहीं हुई है। इसको लेकर अब युवाओं का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है।

## जरूरी खबर

### बजरी माफिया ने युवक पर चढ़ाया ट्रैक्टर, मौत



**भरतपुर।** शहर में अवैध बजरी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। मंगलवार सुबह मथुरा गेट थाना क्षेत्र के बी नारायण गेट निवासी एक युवक को अवैध बजरी माफियाओं ने ट्रैक्टर से रौंद दिया। जानकारी के मुताबिक सुबह साढ़े 8 बजे अवैध बजरी माफिया बी नारायण गेट स्थित एक मकान निर्माण के लिए बजरी लेकर आए थे। इस दौरान कॉलोनी में उपेंद्र नामक युवक के घर की ट्रैक्टर ट्राली से नाली टूट गई। इस पर उपेंद्र की ट्रैक्टर चालक से नोक झोंक हुई। इससे नाराज ट्रैक्टर चालक ने युवक पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। घायल युवक को परिजन जिला आरबीएम अस्पताल ले गए जहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 203 किलो अवैध डोडा चूरा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**शाहपुरा।** शाहपुरा जिले के जहाजपुर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी पर कार्रवाई करते हुए सरसिया गांव के पास क्रेटा कार जब्त कर कार में रखे 11 बोरो में 203 किलो डोडा चूरा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी शंकर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सरसिया गांव के पास एक क्रेटा कार में अवैध डोडा चूरा ले जाते दो आरोपी कैलाश जाट व लाखन सिंह जाट सराना जिला केकड़ी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### पुलिसकर्मियों ने घोड़ी पर बैठाकर SP को दी विदाई



**दौसा।** दौसा जिले की पहली महिला पुलिस अधीक्षक को लोगों ने घोड़ी पर बैठाकर विदाई दी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी बैंड बाजे बजाते हुए नजर आए। इस मौके पर आईपीएस वंदिता राणा को घोड़ी पर बिठाकर दौसा शहर में स्वागत सत्कार के साथ विदा किया गया। दौसा जिले की पहली महिला पुलिस अधीक्षक होने का सम्मान रखने वाली राजस्थान पुलिस की आईपीएस ऑफिसर वंदिता राणा का तबादला सिरोही कर दिया गया है। अब दौसा की नई पुलिस अधीक्षक भी एक महिला आईपीएस ऑफिसर रंजीता शर्मा होंगी। जिसके चलते वंदिता राणा का विदाई समारोह आयोजित हुआ।

टोंक दौरे पर पहुंचे शिक्षा मंत्री, लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# हम हिजाब के विरोधी नहीं, समान ड्रेस कोड के पक्षधर: दिलावर

बेधड़क | टोंक

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने एक दिवसीय दौरे पर टोंक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक ली। वहीं टोंक में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय और पंचायत भवनों का निरीक्षण किया।

टोंक में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए दिलावर ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेश दिया है कि केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के घर-घर जाकर



प्रधानमंत्री के राम राम का संदेश भाजपा के जनप्रतिनिधि तक पहुचाएं। वहीं हिजाब विवाद पर मदन दिलावर से साफ किया कि वह हिजाब के विरोधी न होकर समान ड्रेस कोड के पक्षधर हैं। वहीं इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का राजस्थान में 25 सीट जीतने का दावा किया। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने निवाई पंहुचकर टोंक के निवाई में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उसके बाद वह टोंक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरन (टोंक) का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल बैरवा समेत शिक्षा विभाग और पंचायती राज विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### गांवों पर भाजपा का विशेष ध्यान

मदन दिलावर ने कहा कि 'प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने विधानसभा चुनावों में जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित को समर्पित रही है। आज मोदी सरकार में गांव गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होने कहा कि भारत केवल विकसित गांवों के साथ ही विकसित हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इसी संकल्प को लेकर गांव चलो अभियान की शुरूआत की गई है। इसका मकसद सभी गांवों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। हमारा प्रयास है कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना का लाभ पहुंचे।

### असंभव को संभव करके दिखाएंगे

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा प्रभारी मदन दिलावर का मार्गदर्शन मिला। बैठक में दिलावर ने कहा कि पार्टी में संगठनात्मक बैठक लगातार होती रहती हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी फिर से प्रदेश की 25 सीट जीतने में कामयाब रहेगी। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जो कहा वो किया है। नरेन्द्र मोदी ने असंभव को भी संभव करके दिखाया है। दिलावर ने दावा किया कि इसी विश्वास की डोर के माध्यम से लोकसभा चुनावों में भाजपा और भी अधिक मजबूती के साथ सरकार बनाएगी और तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी शपथ लेंगे।

जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे नंबर-21 पर मुठभेड़

# पुलिस पर गोतस्कर ने चलाई गोलियां, ट्रक चढ़ाने का प्रयास

- पुलिस ने भी बचाव में की फायरिंग, मुठभेड़ में एक बदमाश घायल
- ट्रक में देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, 8 गायें और 20 लीटर शराब मिली

बेधड़क | दौसा

जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे नंबर-21 पर सोमवार रात गोतस्करों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस दौरान तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने पुलिसकर्मियों पर ट्रक चढ़ाने का भी प्रयास किया। जवाबी फायरिंग में एक तस्कर घायल हुआ है।

मामला दौसा जिले के सिकंदरा थाना इलाके का है। सिकंदरा थाने के SHO मनोहर लाल मीणा ने बताया- सोमवार रात 1 बजे सिकंदरा थाना को सूचना मिली थी कि ट्रक से गोवंश की तस्करी की जा रही है। ट्रक मेहंदीपुर बालाजी से दौसा की ओर जा रहा था। थाने की नाइट ड्यूटी टीम ने रात 1.30 बजे सिकंदरा टोल पर नाकाबंदी की। एचआर 74ए 4654 नंबर के एक ट्रक ने नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश की। ट्रक में सवार तस्करों ने पुलिस पर एक राउंड फायर किया। बदमाशों ने पुलिस फोर्स पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया। इस दौरान कांस्टेबल जमशेद ने ट्रक पर सामने से पंप एक्शन गन से दो राउंड फायर किए, जिनमें एक बदमाश घायल हो गया। आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, ट्रक में 20 लीटर शराब और 8 गायें मिलीं। गायों को सिकंदरा गोशाला भिजवाया गया है। घायल इरशाद का जिला हॉस्पिटल में इलाज कराया गया।

पुलिस ने तस्करी व पुलिस पर हमला करने के आरोप में अहसान (22) पुत्र मुश्ताक निवासी नूंह (हरियाणा) और इरशाद (19) पुत्र उमरदीन निवासी नूंह (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है। ट्रक को सिकंदरा थाने में खड़ा करा दिया गया है। तस्कर भरतपुर से आए थे। वे सिकंदरा टोल से गुजरने के बाद दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से होकर दिल्ली जाने की फिराक में थे। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।





### उपचार के लिए कराया भर्ती

गो तस्करों ने खुद को पुलिस से घिरा देखकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी गोतस्करों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गो तस्कर गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हुए बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर ही दो गो तस्करों को दबोच लिया है। इसमें से एक बाल अपचारी है।

### दो वाहनों को मारी टक्कर

गोवंश से भरे ट्रक को आता देखकर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। मगर, चालक ने ट्रक को भगाने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, ऐसे में बदमाशों ने भागने के चक्कर में टोल पर खड़े दो वाहनों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मगर, सिकंदरा थाना पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया और निकलने नहीं दिया।

### गोशाला में छोड़े गए गोवंश

वहीं, आरोपियों के कब्जे से गोवंश को मुक्त करवाकर गोशाला में छोड़ दिया गया है। सिकंदरा थाना प्रभारी मनोहर लाल मीना ने बताया कि गौतस्कर गोवंश को ट्रक में भरकर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे होते हुए दिल्ली ले जाने की फिराक में थे। मगर, एक्सप्रेसवे पर चढ़ने से पहले ही गौ तस्करों को दबोच लिया गया। इसके चलते वो अपने प्लान में कामयाब नहीं हो पाए।

कोटा जंक्शन की घटना

# ट्रेन में पुलिस को चकमा देकर फरार हुई महिला आरोपी

बेधड़क | कोटा

कोटा जक्शन पर खड़ी दुरंतो ट्रेन से पुणे पुलिस एक महिला आरोपी को हिरासत में लेकर जा रही थी। लेकिन महिला आरोपी ने पुलिस को चकमा देकर कोटा स्टेशन से फरार हो गई। वहीं, पुणे पुलिस ने सोमवार (19 फरवरी) को जीआरपी थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुणे पुलिस अब राजस्थान की पुलिस के साथ मिलकर फरार महिला आरोपी को खोज रही है। बता दें, कोटा स्टेशन पर दो महीने में दूसरा ऐसा मामला है जब आरोपी ट्रेन से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि महिला का नाम सानिया है। सानिया किसी साइबर अपराध में अरोपी है। पुणे पुलिस ने सानिया को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। पूणे पुलिस सानिया को दिल्ली-मुंबई दुरंतो (22210) ट्रेन से पुणे ले जा रही थी। रविवार (18 फरवरी) की सुबह 4.10 बजे ट्रेन कोटा पहुंचने पर सानिया करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गई। कोटा से ट्रेन रवाना होने के बाद पुलिस को रास्ते में सानिया के फरार होने का पता चला। इसके बाद पुलिस रतलाम से वापस कोटा पहुंची। यहां पुलिस ने सानिया को तलाशने का काफी प्रयास किया। लेकिन सानिया का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस ने जीआरपी थाने में सानिया के फरार होने का मामला दर्ज करवाया।



### दो महीने में दूसरा मामला

कोटा स्टेशन पर पुलिस हिरासत से आरोपियों को फरार होने की करीब दो महिने में यह दूसरी घटना है। इससे पहले मुंबई-दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस से भी 25 दिसंबर को हथकड़ी लगा एक आरोपी पुलिस को चमका देकर फरार हो गया था। गनिमत रही थी कि यह आरोपी तलाशी के दौरान प्लेटफार्म नंबर चार के बहार मिल गया था।

पुलिस ने मामले में चार लोगों को किया गिरफ्तार

# मंदिर से चोरी हुई 400 साल पुरानी मां चामुंडा की प्राचीन मूर्ति बरामद

बेधड़क | जोधपुर

शहर में चौथी शताब्दी में स्थापित मां चामुंडा के प्राचीनतम मंदिर से गुप्त नवरात्रि के दौरान कुछ और सामाजिक तत्वों ने माता की प्रतिमा चोरी कर ली थी। इस वारदात के बाद राजपूत, माली सहित अन्य 36 समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

पुलिस की समझाइश के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। यह मामला लोगों की आस्था से जुड़ा होने और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और 70 घंटे के बीत आरोपियों को पकड़ लिया।400 साल पुरानी चामुंडा माता की प्रतिमा पुलिस ने बरामद कर ली है।

ये मूर्ति 200 किलोमीटर दूर राजसमंद जिले के गोविंदगढ़ के गुगली गांव में मिली। इस मूर्ति को मंदिर से चोरी करने का पूरा प्लान गुगली गांव के तांत्रिक पति-पत्नी ने मिलकर बनाया था। इसके लिए गांव में सभा की गई और कहा गया-माता जी का आदेश हो गया है। मूर्ति चोरी करने से पहले मंदिर में दो घंटे तक तंत्र विद्या भी की गई। मामला तीन दिन पहले शनिवार का है। मंडोर थाना क्षेत्र के मंडोर गार्डन के पीछे नागदड़ियों की पहाड़ी पर चामुंडा माता का ये मंदिर है।

रविवार सुबह जब पुजारी और स्थानीय लोग दर्शन के लिए पहुंचे तो वहां माता जी की प्रतिमा गायब थी। पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को महेंद्र सिंह (49), सौभाग्य सिंह (44), दिनेश सिंह (52) और भैरू सिंह (50) को गिरफ्तार किया है।

शोभायात्रा पर भाजपा नेता रविन्द्र मीना ने की पुष्प वर्षा

# देवनारायण जयंती पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बेधड़क | दौसा

यहां सोमनाथ नगर स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में देवनारायण जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर निकली शोभायात्रा पर युवा भाजपा नेता और ईआरसीपी किसान विकास समिति के मुख्य संयोजक एडवोकेट रविन्द्र मीना ने पुष्प वर्षा की।

वहीं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने रविन्द्र मीना का माला और साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया। मंदिर से जब भगवान देवनारायण जी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई तो एडवोकेट रविन्द्र मीना ने रथ पर विराजमान देवनारायण भगवान की तस्वीर पर रविन्द्र मीना ने पुष्प माला अर्पित की और देवनारायण भगवान का आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व विधायक जीआर खटाना, गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर, देवनारायण मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह विधूड़ी, समिति के संरक्षक कन्हैयालाल छावडी, महामंत्री हनुमान हरसाना, समिति सदस्य दरब सिंह पोसवाल, पप्पू कसाना, मोहरसिंह फौजी, प्रहलाद सिंह गुर्जर, ठेकेदार जगमोहन गुर्जर, भाजपा नेता नीलम गुर्जर, रामगोपाल पोसवाल, गिर्राज प्रसाद गुर्जर, नरसी डोई गोठडी, अशोक कुमार मीना, एडवोकेट सुमंत कुमार मीना, कुलदीप कांसला, देवेन्द्र खटाना, गोविन्द गुर्जर, सोहनसिंह गुर्जर, हनुमान गुर्जर एडवोकेट, भवानी सिंह गुर्जर, सतवीर गुर्जर, इंद्रजीत सिंह गुर्जर, विनोद गुर्जर, रायसिंह गुर्जर, हरि सिंह गुर्जर, समय सिंह गुर्जर, सुरेंद्र गुर्जर सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



तीन साल में 2 बार हुई आबूरोड नगरपालिका बोर्ड की जनरल मीटिंग

# साधारण सभा की बैठक नहीं होने के कारण विकास कार्यों पर लगा ब्रेक

- नगरपालिका प्रशासन से पार्षद कई बार कर चुके हैं मांग

बेधड़क | आबूरोड

बोर्ड के गठन के तीन साल बाद भी आबूरोड नगरपालिका में लंबे समय से बोर्ड की साधारण बैठक नहीं हुई है। इसके कारण शहर में विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है। आमजन परेशान हैं इसी के चलते आए दिन वार्ड पार्षदों को उनकी नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।

पार्षदों द्वारा इस मामले में नगरपालिका प्रशासन से कई बार आग्रह किए जाने के बाद भी साधारण बैठक नहीं बुलाई जा रही है। गौरतलब है कि दिसंबर 2020 में नगरपालिका के वर्तमान बोर्ड का गठन हुआ था। 29 जनवरी 2021 को बोर्ड के पहले साल के कार्यकाल में पहली तथा 20 सितंबर 2021 को दूसरी साधारण बैठक आयोजित हुई थी। इसके बाद से अब तक साधारण बैठक नहीं बुलाई गई। गत वर्ष फरवरी में बजट बैठक आखिर बैठक थी, जिसमें पार्षदों द्वारा शहर के विकास को लेकर चर्चा करवाने की मांग की गई थी। उस दौरान नगरपालिका प्रशासन द्वारा बजट बैठक में अन्य मुद्दों के बारे में चर्चा करवाने से इंकार करते हुए जल्द ही बोर्ड की बैठक बुलाने का भी आश्वासन दिया गया था।




### अधिनियम 2009 की खुलेआम अवहेलना

इस मामले में नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार का कहना है कि आबूरोड में राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। बीते करीब 40 महीने के कार्यकाल में केवल 2 साधारण बैठक एवं 3 बजट बैठक हुई है। जबकि नियमानुसार कम से कम 19 साधारण बैठक होनी चाहिए थी। बोर्ड की बैठक समय से नहीं होने से पार्षद ना तो अपने वार्ड की समस्या नगरपालिका प्रशासन के समक्ष रह पा रहे हैं और न ही नगरपालिका द्वारा किए जाने वाले कार्यों की पार्षदों को कोई जानकारी मिल रही है। नगरपालिका में बैठक बुलाने का अधिकार EO को होता है। आबूरोड में स्थाई EO के नहीं होने से बैठकें नहीं हुई हैं। इस मामले में राज्य सरकार से रिक्त पद पर जल्द नियुक्ति करवाने की मांग की गई है। इसके बाद पार्षदों की शिकायत का समाधान हो सकेगा।

### तीन महीने में बैठक का प्रावधान

नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत हर 3 महीने में अनिवार्य रूप से बोर्ड की साधारण बैठक आयोजित करने का प्रावधान है। लंबे समय से बैठक नहीं किए जाने से अब तक न तो वेंडर जोन बन पाए हैं और ना ही शहर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं का समाधान हो पा रहा है। नगरपालिका कार्यालय के बार-बार चक्कर काटने के बाद भी लोगों को कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिल रहा है। इससे शहर के अधिकांश लोग नाराज हैं तथा वार्ड पार्षदों को उनकी नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों का आरोप है कि एम्पावर्ड कमेटी की आड़ में नगरपालिका द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं बोर्ड के अधिकारों का उपयोग किया जा रहा है। एम्पावर्ड कमेटी में क्या विषय रखे गए, उन पर क्या निर्णय हुआ उसके विवरण की कोई प्रति किसी भी सदस्य को उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। जबकि ऐसा किया जाना अनिवार्य है।

## एसएसएन इंग्लिश स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

# नन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा से मंच पर साकार किया सेना का शौर्य

बेधड़क | जयपुर

बच्चों की नटखट अदाओं के साथ मंच पर साकार होता भारतीय सेना का शौर्य और सामने इस प्रस्तुति का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ आनंद लेते अभिभावक व शिक्षक।

मौका था एसएसएन इंग्लिश स्कूल शास्त्री नगर के वार्षिक उत्सव समारोह का। कार्यक्रम मंगलवार को रविंद्र मंच पर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीकर रोड व्यापार मंडल महासंघ अध्यक्ष दिनेश मित्तल तथा चेयर पर्सन सीकर रोड व्यापार मंडल महासंघ रामदयाल बढ़ाया थे। वार्षिक उत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। नन्हे बच्चों ने इसके पश्चात गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने लाजवाब सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों का मद्रासी डांस सभी को भा गया तो रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित नित्य नाटिका ने सभी का दिल जीत लिया। इसी प्रकार मोबाइल से होने वाले खतरे को बताने वाली प्रस्तुति ने सभी को एक अच्छा संदेश दिया। भारत के सैनिकों की गाथा को मंच पर साकार करने वाली प्रस्तुति को देख पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम की समाप्ति जय श्री राम कार्यक्रम के द्वारा की गई जिसमें पूरा वातावरण राममय हो गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. अंजना बंसल ने विद्यालय के गत वर्ष दसवीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने प्रोग्राम की सफलता पर पूरे स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि मित्तल ने बच्चों को पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया व जीवन में अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावकों ने भी भाग लिया व बच्चों की लाजवाब प्रस्तुतियों का आनंद लिया।






## Yuva स्टोरीज




## आज से शुरू होंगे 511 पदों पर भर्ती के आवेदन

**बेधड़क. जयपुर।** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 511 पदों पर वैकेंसी निकली है। इनके लिए आवेदन की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो जाएगी। भर्ती के तहत हॉस्टल सुपरिटेंडेंट ग्रेड-2 के 335 पदों पर भर्ती होगी। इनमें अनुसूचित क्षेत्र के 314, जबकि गैर अनुसूचित क्षेत्र के 21 पद होंगे। वहीं, महिला अधिकारिता विभाग में सुपरवाइजर के 176 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें 142 पद गैर अनुसूचित क्षेत्र के जबकि 34 पद अनुसूचित क्षेत्र के होंगे। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर जाकर बुधवार से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 मार्च है। महिला सुपरवाइजर के लिए भर्ती परीक्षा 13 जुलाई को व हॉस्टल सुपरिंटेंडेंट के लिए भर्ती परीक्षा 28 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बोर्ड के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवार की उम्र 18 से 40 साल होनी जरूरी है। वहीं, आरक्षित श्रेणी को नियमानुसार छूट दी जाएगी। इन भर्तियों में उम्मीदवार का सिलेक्शन रिटन टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। रिटन टेस्ट पास करने के बाद इंटरव्यू के लिए सिलेक्शन होगा।

## भावी शिक्षकों ने ली स्वच्छता की शपथ




**बेधड़क. जयपुर।** विद्यास्थली शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सांसद रामचरण बोहरा, पार्षद जय वशिष्ठ, कोटा विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो. बीएल वर्मा, विद्यास्थली समूह के सचिव योगेन्द्र सिंह और नगर निगम के अधिकारियों ने भावी शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने और वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने की शपथ दिलाई। पार्षद जय वशिष्ठ ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान और वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने के तहत नगर निगम ग्रेटर के वार्ड नंबर 81 में एक नई पहल का शुभारंभ 7 जनवरी से शुरू किया गया था। इसके तहत मंगलवार को वार्ड में स्थित विद्यास्थली शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय महारानी फार्म दुर्गापुरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद बोहरा ने इस अवसर पर कहा कि आज जरूरत है कि जयपुर को क्लीन, ग्रीन सिटी बनाने की। कोटा विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो. बीएल वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विजनरी प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए हमें मानसिक रूप से सकारात्मक सोच अपनानी होगी और जागरूकता के लिए कार्य करने का संकल्प लेना होगा।

## स्टूडेंट्स ने विशेषज्ञों से सीखा तनाव प्रबंधन



**बेधड़क. जयपुर।** पोद्दार इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में मंगलवार को 'तनाव प्रबंधन के लिए योग एवं मैनेजमेंट' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय के पीजी डिप्लोमा इन योग सत्र 2023-24 के स्टूडेंट्स शामिल हुए। योग के महत्व को दर्शाते हुए योग आचार्या डॉ. अनिता डांगवाल के निर्देशन में स्टूडेंट्स ने विभिन्न आसन, मुद्राएं एवं ध्यान की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ और राजस्थान विश्वविद्यालय की वीसी अल्पना कटेजा उपस्थित रही। सेमिनार में अतिथियों ने योग के महत्व पर चर्चा की एवं स्टूडेंट्स को योग पालन करने से तनाव मुक्त रहने का मार्ग बताया। स्टूडेंट्स ने मंच पर संगीतमय प्रस्तुति देकर विभिन्न मुद्राओं को दिखाया।

## कानोड़िया कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# हमारी ग्लोबल पहचान में प्रवासियों का अहम रोल



बेधड़क | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'चेंजिंग डायनामिक्स ऑफ इंडियाज फॉरेन पॉलिसीः चैलेंजेज एंड वे अहेड' विषय पर चल रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मंगलवार को तीन तकनीकी सत्र हुए।

प्रथम सत्र के अतंर्गत 'डायस्पोरा एंड फॉरेन पॉलिसी' सत्र के अध्यक्ष सह-संस्थापक ओएलपीसीआई (यूएसए) सतीश झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीयों ने विश्व भर में अपनी पहचान बनाई है, इसमें प्रवासी भारतीयों का अमूल्य योगदान है। सहायक आचार्य, राजस्थान विश्वविद्यालय डॉ. कर्मवीर सिंह ने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए 'ग्रेटर इंडियन सोसायटी' के बारे में बताया और दक्षिण-पूर्व एशिया पर भारतीय संस्कृति के प्रभाव की जानकारी दी।

सहायक आचार्य, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं मास कम्यूनिकेशन विश्वविद्यालय डॉ. शालिनी जोशी ने विदेशी समुदायों की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। सहायक आचार्य, जेईसीआरसी विश्वविद्यालय युक्ति गुप्ता ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। 'इंडियाज स्ट्रेटेजिक प्रेजन्स इन इट्स एक्सटेंडेड नेबरहुड मिडिल-ईस्ट एशिया एंड साउथ-ईस्ट एशिया' विषय आधारित सत्र में अध्यक्ष केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात के प्रो. मनीष ने चीन की विदेश नीति का उल्लेख किया और कहा कि भारत के सामुद्रिक एवं सामरिक महत्व को समझ कर उसकी आर्थिक एवं राजनीतिक शक्ति को मजबूत करना होगा। जेएनयू, नई दिल्ली के प्रो. शांतेश कुमार सिंह ने विषय पर वक्तव्य दिया। इस चर्चा में डॉ. स्वस्ति राव, एसोसिएट फेलो, यूरोप और यूरेशिया केंद्र, मनोहर पर्रिकर इंस्टीटयूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस, दिल्ली से ऑनलाइन जुड़ीं।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को इस तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन होगा। समापन सत्र के अध्यक्ष केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान के कुलपति प्रो. आनन्द भालेराव और मुख्य वक्ता अमर उजाला के सलाहकार संपादक विनोद अग्निहोत्री एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अजमेर के पूर्व कुलपति प्रो. रूप सिंह बारेठ होंगे।





### ऑनलाइन भी जुड़े विशेषज्ञ

'फॉरेन पॉलिसी आउटरीच इन इंडियन पेनिनसुला फेसिंग द चाइनीज थ्रेट' विषय पर आधारित सत्र की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर इनाक्षी चतुर्वेदी ने की। सह-आचार्य, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय डॉ. सौरभ, और सहायक आचार्य, मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल डॉ. सुवा लाल जांगू ने इस सत्र में फॉरेन पॉलिसी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इनके साथ इस सत्र में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष, डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय प्रो. अनुपमा कौशिक एवं दिल्ली विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ. मनीषा रॉय ने ऑनलाइन भाग लिया।




## लाइब्रेरी टेक्नोलॉजी पर हुई चर्चा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय व सूचना विज्ञान विभाग की ओर से 'इनोवेटिव लाइब्रेरी टेक्नोलॉजी व सर्विसेज' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नेशनल लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. अजय प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय राज्य का विषय रहेंगे तब तक कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। केंद्र सरकार इस दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। सार्वजनिक पुस्तकालय सेवा को ग्राम पंचायत स्तर तक ले जाते हुए देश की करीब 45 हजार ग्राम पंचायतों पर डिजिटल लाइब्रेरी के लिए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से प्रस्ताव मंगाए हैं। देश के पुस्तकालय आंदोलन के लिए यह एक बड़ा प्रयास होगा। इस अवसर पर भाषा और पुस्तकालय विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार खींची ने कहा कि आज का युवा पाठक बहुत उत्साही व जिज्ञासु है। वो आपसे बहुत अपेक्षा रखता है, ऐसे में पुस्तकालय और पुस्ताकालयाध्यक्ष को सूचनाओं के साथ-साथ ज्ञान व नई तकनीक से लगातार समृद्ध रहना जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. यदु शर्मा, डॉ. संगीता गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए अंतिम मौका



**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 की 12 से 15 फरवरी तक हुई काउंसलिंग के दौरान अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा दिनांक 30 अप्रेल 2023 में उपस्थित अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के लिए आयोग कार्यालय में निर्धारित कार्यक्रमानुसार काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। इस दौरान अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 23 फरवरी को प्रातः 9 बजे काउंसलिंग में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। अनुपस्थित अभ्यर्थी आयोग की ओर से पूर्व में अपलोड किए गये काउंसलिंग पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं। काउंसलिंग में उपस्थित होने के लिए अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है।काउन्सलिंग में पुनः अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग की ओर से कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। न ही ऐसे अभ्यर्थियों को जारी किए जाने वाले अंतिम परिणाम में सम्मिलित किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

**सरोकार** | वीजीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर

# समाज को सशक्त बनाने के संदेश के साथ की सेवा

बेधड़क | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में विद्यार्थियों ने सेवा कार्य कर समाजसेवा का संदेश दिया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एसपी भटनागर ने किया। भटनागर ने स्वयंसेवकों को सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन का भी आयोजन हुआ जिसमें वॉलंटियर्स ने सामाजिक मुद्दों से जुड़े पोस्टर्स बनाए। विशेष शिविर में दूसरे दिन, स्वयंसेवकों ने मानवता के लिए किए जाने उत्कृष्ट कार्यो में से एक जयपुर फुट संस्था के द्वारा किए जाने वाले निशुल्क कृत्रिम पैरों का वितरण एवं बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। तीसरे दिन आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिससे स्वयंसेवकों ने जाना कि राष्ट्र पर या समाज पर किसी भी प्रकार की प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदा आने पर समाज के लिए किस तरीके से तत्परता से अपना योगदान दिया जा सकता है जो कि समाज की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। चौथे दिन गांव बरला में जयपुर कैंसर रिलीफ सोसायटी के द्वारा कैंसर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया एवं कैंसर का कारण बनने वाले उत्पादों का उपयोग नहीं करने के लिए प्रतिज्ञा ली गई। साथ ही गांव में स्वयंसेवकों ने सर्वे भी किया। इस सर्वे में सरकारी योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले लाभ के बारे में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। शिविर के पांचवें दिन वॉलिंटियर्स की ओर से युवा पोर्टल पर पंजीकरण कार्यक्रम चलाया गया एवं विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।



### वृद्धाश्रम का दौरा कर पूछे बुजुर्गों के हाल

शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने जामडोली स्थित वृद्ध आश्रम एवं दिव्यांगजन बच्चों के आश्रम का अवलोकन किया गया ताकि स्वयंसेवकों में यह भावना उत्पन्न हो सके के बुजुर्ग व्यक्तियों के बिना परिवार अधूरे हैं और उनको भी वृद्धावस्था में हमारे साथ की जरूरत है उनकी जरूरत का ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वॉलिंटियर्स लक्ष्मण सैन, मनीष बैरवा एवं ममता कुमावत वालंटियर्स से मिले और सामाजिक सेवाओं के द्वारा किस प्रकार से राष्ट्रपति पुरस्कार तक का सफर उनका रहा, यह बताया। शिविर के सातवें दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ. रितु मेहरा को आमंत्रित किया गया। उन्होंने 'एनएसएस से क्यों जुड़ें और समाज को आपके द्वारा क्या फायदा हो सकता है' विषय पर छात्रों को संबांधित किया। अंतिम दिन वर्ष पर्यंत सक्रिय रहने वाले वॉलंटियर्स को एनएसएस कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुधीर वर्मा, डॉ. सुरभि ढड्ढा, महावीर प्रसाद एवं कृष्णा नंदन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आत्मा की आवाज है मां के आंचल में पल्लवित मातृभाषा



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मातृभाषा अर्थात मां की भाषा। मातृ प्रदत भाषा। मां के आंचल में पल्लवित भाषा। मनुष्य जन्म लेने के बाद जो प्रथम भाषा अपनी मां से सीखता है, उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं। मातृभाषा, जिसे शिशु (बालक) माता के सानिध्य में रहकर सहज रूप से सुनता हुआ सीखता, समझता है। मातृभाषा को शिशु माता-पिता, भाई- बहन, अन्य परिवार जनों तथा पड़ोसियों के मध्य रहकर सहज व स्वाभाविक रूप से सीखता है। फिर भी शिशु सामान्यतः माता के संपर्क में अधिक रहता है। इसीलिए बाल्यकाल में सीखी गई भाषा को मातृभाषा कहते हैं। माता के द्वारा सिखलाई गई भाषा- मातृभाषा ही शिशु के मानसिक विकास को शब्द व प्रथम सम्प्रेषण प्रदान करती है। मातृभाषा ही सर्वप्रथम मनुष्य को सोचने-समझने और व्यवहार की अनौपचारिक शिक्षा और समझ प्रदान करती है। मातृभाषा मनुष्य के विकास की आधारशिला है। मातृभाषा में ही शिशु संसार में अपनी प्रथम भाषिक अभिव्यक्ति देता है। इसलिए मातृभाषा को पालने अथवा हिंडोल (झूले) की भाषा कहा जाता है। शिशु अपनी माता से लोरी मातृभाषा में ही सुनता है। मातृभाषा में ही बालक राम, कृष्ण, राजा-रानी और परियों की कथाएं सुनता है। और एक दिन यही भाषा उस शिशु की तोतली बोली बनकर उसके भाव प्रकाशन का माध्यम बनती हैं।

इस प्रारंभिक भाव प्रकाशन में माता और पुत्र दोनों ही आनंदातिरेक में विभोर हो जाते हैं, जिस सुख की अनुभूति किसी अन्य भाषा में नहीं हो सकती। शिशु के शारीरिक विकास के लिए मां का दूध आवश्यक होने की भांति ही मानसिक विकास के लिए मातृभाषा भी अत्यंत आवश्यक है। मातृभाषा किसी भी व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। इसीलिए शिशु की प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही कराने पर जोर दिया जाता है। मातृभाषा मनुष्य के संस्कारों की संवाहक है। मातृभाषा के बिना किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना बेमानी है। मातृभाषा राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना मन में उत्प्रेरित करती है। मातृभाषा आत्मा की आवाज है, तथा देश को माला की लड़ियों की भांति पिरोती है। संसार के अनेक विकसित और विकासशील देश मातृभाषा की बदौलत ऊंचाइयों को छू रहे हैं। जापान अपनी मातृभाषा के कारण ही आज विश्व बाज़ार में एक आर्थिक और औद्योगिक शक्ति है। वह इस मुकाम तक अपनी मातृभाषा की बदौलत पहुंचा है। चीन भी अपनी मातृभाषा मंदारिन के कारण विश्व पटल पर एक महाशक्ति बन कर उभरा है। हमारे संविधान निर्माताओं की भी आकांक्षा थी कि स्वतंत्रता के बाद देश का शासन हमारी अपनी भाषाओं में चले, ताकि आम जनता शासन से जुड़ी रहे और समाज में एक सामंजस्य स्थापित हो और सबका विकास, सबकी प्रगति हो सके, लेकिन देश का दुर्भाग्य कि यह न हो सका। और विदेशी आंग्ल भाषा यहां शासन-प्रशासन, कानून व उच्च शिक्षा की रानी बनी रही।

> *"जापान अपनी मातृभाषा के कारण ही आज विश्व बाजार में एक आर्थिक और औद्योगिक शक्ति है। वह इस मुकाम तक अपनी मातृभाषा की बदौलत पहुंचा है। चीन भी अपनी मातृभाषा मंदारिन के कारण विश्व पटल पर एक महाशक्ति बन कर उभरा है। हमारे संविधान निर्माताओं की भी आकांक्षा थी कि स्वतंत्रता के बाद देश का शासन हमारी अपनी भाषाओं में चले, ताकि आम जनता शासन से जुड़ी रहे और समाज में एक सामंजस्य स्थापित हो और सबका विकास, सबकी प्रगति हो सके।"*

परिणामस्वरूप शासन को जनता तक उसकी भाषा में पहुंचाने में अभी तक हम क़ामयाब नहीं हो पाए हैं। देश प्रगति के पथ पर अग्रसर तो है, लेकिन इस प्रगति का लाभ देश की आम जनता तक पूर्ण रूप से पहुंच नहीं पा रहा है। शासन को जनता तक उसकी भाषा में पहुंचाने के कार्य में तेजी लाए बिना किसी भी क्षेत्र में देश की बड़ी से बड़ी उपलब्धि और प्रगति का कोई मूल्य नहीं रह जाता। भाषा संस्कृति और संस्कारों की संवाहिका होती है। भाषा के पतन से संस्कृति व संस्कारों का भी पतन हो रहा है। भाषा बदलने से मूल्य भी बदल जाते हैं। भाषा संस्कृति का अधिष्ठान है। वर्तमान में भारत में जिस प्रकार अंग्रेजी रानी बनी हुई है, उसी प्रकार सन् 1362 तक ब्रिटेन में फ्रांसीसी का स्थान था। फिनलैंड में 100 वर्ष पूर्व स्वीडिश भाषा चलती थी, रशिया में जार के जमाने में फ्रांसीसी भाषा का दबदबा था। इन सभी देशों में वहां की जनता एवं शासकों की इच्छा शक्ति के कारण आज वहां अपनी स्थानीय भाषाओं में सम्पूर्ण कार्य हो रहा है। भारत की जनता में भी इस प्रकार की इच्छाशक्ति जागृत करने की आवश्यकता है। लेकिन दुखद है कि वर्तमान में देश में मातृभाषा का महत्व कम होता दिखाई दे रहा है। विश्व में विगत दशकों में किए गए अध्ययनों के निष्कर्ष इस सत्य को स्थापित करते हैं कि मातृभाषा में ही शिक्षा होनी चाहिए, क्योंकि बालक को माता के गर्भ से ही मातृभाषा के संस्कार प्राप्त होते हैं। विश्व के आर्थिक एवं बौद्धिक दृष्टि से सम्पन्न अमेरिका, रूस, चीन, जापान, कोरिया, इंग्लैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इजरायल आदि देशों में जन समाज, शिक्षा एवं शासन-प्रशासन की भाषा वहां की अपनी भाषा को ही बनाया गया है। विश्व में सकल घरेलू उत्पाद में प्रथम पंक्ति के 20 देशों में सारा कार्य वह अपनी भाषा में ही कर रहे हैं, जिसमें चार देश अंग्रेजी भाषी है, क्योंकि उनकी मातृभाषा अंग्रेजी है। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे पिछड़े हुए 20 देशों में विदेशी भाषा में अथवा अपनी और विदेशी दोनों भाषा में उच्च शिक्षा दी जा रही हैं तथा शासन-प्रशासन का कार्य भी इसी प्रकार किया जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि जब तक किसी देश में शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाएं एवं न्यायालयों सहित शासन-प्रशासन का कार्य अपनी भाषा में नहीं होगा तब तक देश आगे नहीं बढ़ सकता। यही कारण है कि विश्व में भाषायी, सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को मनाया जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## निरापद छवि और पार्टी के प्रति विश्वसनीयता को लगा पालीता

# बैठे-ठाले कमलनाथ ने करा ली फजीहत



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *"कमलनाथ के भाजपा में आने पर विपरीत राय मिली। नकुलनाथ के भाजपा में शामिल होने पर भी सहमति नहीं बन पाई। कमलनाथ के साथ जिन 17 से लेकर 30 विधायकों के जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं, उन्हें लेकर दल-बदल कानून का पेंच फंस गया। इस कानून से बचने के लिए कांग्रेस के 66 विधायकों में से 23 विधायकों का भाजपा में जाना जरूरी था, अन्यथा चुनाव का सामना करना पड़ता,जो एक पेंचीदा काम भाजपा के लिए साबित होता।"*

आखिरकार सोमवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलों पर पूर्णविराम लग गया। साढ़े चार दशक से कांग्रेस के निष्ठावान अनुयायी के रूप में अहम् पारी खेल चुके कमलनाथ का लगता है अब प्रारब्ध साथ नहीं दे रहा है। बीते एक माह से कमलनाथ के भाजपा में जाने के अनुमान लगाए जा रहे थे, लेकिन पिछले रविवार को तो ऐसे लगा कि संध्या तक भाजपा की सदस्यता पिता और पुत्र के साथ कुछ विधायक भी ग्रहण कर लेंगे। इस दौरान कमलनाथ के छिंदवाड़ा और दिल्ली के घरों पर शनिवार से ही भगवा झंडे लहराने लगे थे। उनके अत्यंत निकटतम साथी सज्जन सिंह वर्मा समेत कई वर्तमान और पूर्व विधायकों ने तो सोशल मीडिया हैंडल्स पर से कांग्रेस के चुनाव चिन्ह और झंडे भी हटा लिए थे।

वर्मा ने तो यह तक कह दिया था कि कमलनाथ का शत-प्रतिशत भाजपा में जाना तय है। साथ ही वर्मा ने यह भी कहा था कि जहां मेरा नेता रहेगा, वहीं मैं रहूंगा। अटकलें इसलिए भी तेज हो गई थीं कि कमलनाथ ने छिंदवाड़ा, भोपाल और दिल्ली का सफर तय करते हुए प्रेस के समक्ष यह खंडन नहीं किया कि मैं कांग्रेस में नहीं जा रहा हूं। इस पूरे घटनाक्रम में कमलनाथ की निरापद छवि और पार्टी के प्रति विश्वसनीयता को पालीता लगा है। वे प्रहसन और फजीहत के पात्र भी बन गए हैं। कमलनाथ को अब तक कांग्रेस का परिपक्व और दुर्जेय नेता माना जाता था, लेकिन इस घटनाक्रम से उनकी अपरिपक्वता सामने आई है। मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद गुटबाजी ने कुछ ऐसी अंगड़ाई ली कि कांग्रेस में प्रदेश के सबसे ताकतवर माने जाने वाले कमलनाथ अलग-थलग पड़ गए। दरअसल कमलनाथ की नाराजी का कारण एक तो यह माना जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष में बदलाव के समय उनकी राय नहीं ली गई। दूसरे, विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में उमंग सिंघार को चुने जाते वक्त भी उनकी पूछ-परख नहीं हुई। प्रदेश की राजनीति में अन्य जो भी निर्णय लिए जा रहे हैं, इनमें उनसे कोई सलाह-मशविरा नहीं किया जा रहा है। हालांकि राज्यसभा का ग्वालियर के अशोक सिंह को उम्मीदवार बनवाने में उन्हीं की प्रमुख भूमिका रही है, लेकिन अशोक सिंह के चयन के साथ ही पार्टी में खींचतान और गुटबाजी धरातल पर आ गई। हांलाकि ऐसा कहा जा रहा है कि अशोक सिंह को टिकट दिलाने के सिलसिले में राहुल गांधी और कमलनाथ के बीच मनमुटाव भी पैदा हो गया है, क्योंकि राहुल अपनी पसंदीदा उम्मीदवार पूर्व सांसद और लेखिका मीनाक्षी नटराजन को बनवाना चाहते थे। वहीं, कमलनाथ पिछड़े वर्ग का कार्ड चलकर न केवल अशोक सिंह को टिकट दिलाने में सफल रहे, बल्कि उन्होंने एक तीर से ओबीसी के अन्य बड़े नेताओं अरुण यादव और जीतू पटवारी को हाशिए पर डाल दिया। इससे जाहिर होता है कि कमलनाथ की कांग्रेस में खूब चल रही थी।



दरअसल इस समय मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कई नेता भाजपा में जाने के मूड में हैं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी कांग्रेस मुक्त भारत करने के इरादे से इस एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है, लेकिन हर कोई का ज्योतिरादित्य सिंधिया या हेमंता विश्वास होना मुश्किल है। सिंधिया ने कांग्रेस से पल्ला झाड़कर 22 विधायकों के साथ भााजपा की सरकार बनवाई। वहीं हेमंता विश्वास ने असम में कांग्रेस को कमजोर करके भाजपा की बुनियाद पुख्ता कर दी। इसलिए कैलाश विजयवर्गीय जैसे नेता ने आगे बढ़कर कह भी दिया कि कमलनाथ को हम पार्टी में नहीं लेंगे। उनके लिए हमारे दरवाजे बंद हैं। हम उन्हें क्यों लेंगे? आदमी बाजार में जाएगा तो ताजे फल लेगा न कि बासे फल। कमलनाथ पर यह इतना तीखा कटाक्ष था कि उन्हें वर्तमान राजनीति के परिप्रेक्ष्य में महत्वहीन जता दिया।

सूत्रों के मुताबिक इस बयान के बाद ही कमलनाथ के कांग्रेस में जाने की बाजी पलट गई। 18 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन की समाप्ति के बाद अमित शाह ने चुनिंदा पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत की। जिसमें चुनावी मुद्दों के साथ कांग्रेस के नेताओं के भाजपा में शामिल होने को लेकर भी चर्चा हुई। परंतु कमलनाथ के भाजपा में आने पर विपरीत राय मिली। नकुलनाथ के भाजपा में शामिल होने पर भी सहमति नहीं बन पाई। कमलनाथ के साथ जिन 17 से लेकर 30 विधायकों के जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं, उन्हें लेकर दल-बदल कानून का पेंच फंस गया। इस कानून से बचने के लिए कांग्रेस के 66 विधायकों में से 23 विधायकों का भाजपा में जाना जरूरी था, अन्यथा चुनाव का सामना करना पड़ता,जो एक पेंचीदा काम भाजपा के लिए साबित होता।

खैर, जब रविवार को कमलनाथ का भाजपा में जाना लगभग तय था, तब सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने उनसे फोन पर बात की और कमलनाथ ने बढ़े कदम पीछे खींच लिए। राहुल ने उन्हें हवाला दिया कि आप ने पार्टी और देश के लिए बहुत कुछ किया है। पार्टी ने हमेशा आपका सम्मान किया है और आगे भी करती रहेगी। बताते हैं कमलनाथ को यह भी जताया गया कि एक समय आप को इंदिरा गांधी ने राजीव और संजय के बाद अपना तीसरा बेटा बताया था। गोया, कमलनाथ थम गए और सज्जन वर्मा ने मीडिया को बताया कि उनका कांग्रेस छोड़ने का कोई विचार नहीं है। वे अपने दफ्तर में लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के चयन और राहुल गांधी की मध्यप्रदेश में होने वाली न्याय यात्रा की तैयारी में लगे हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातिगत समीकरण कैसे कांग्रेस के अनुकूल बनें इस जोड़-तोड़ में कमलनाथ लगे हैं।

हालांकि घटनाक्रम के दौरान दिग्विजय सिंह एकमात्र ऐसे नेता रहे, जिन्होंने कमलनाथ पर संदेह नहीं किया। वे कहते रहे कि कमलनाथ कांग्रेस के स्तंभ रहे हैं, अतएव लगता नहीं कि वे भाजपा में जाने की पहल करेंगे। सबकी तरह ईडी और आईटी का दबाव उन पर भी है, परंतु कमलनाथ जी का चरित्र किसी अनैतिक दबाव में आने वाला नहीं है। यह बयान देते हुए दिग्विजय सिंह मीडिया पर भी भड़के कि 15 दिनों से आपके पास कोई दूसरी खबर नहीं है। जीतू पटवारी ने भी कहा कि कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे हैं। हालांकि इस सब के बावजूद कैलाश विजयवर्गी बोले कि दिल्ली में कुछ भी विचार हो, मध्यप्रदेश में हम उन्हें लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आग के बिना धुआं नहीं उठता है। बहरहाल सच्चाई क्या है, यह कमलनाथ और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जानता है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में कमलनाथ की फजीहत तो हुई ही, उनके प्रति अविश्वास की धारणा भी कांग्रेस में पनपती दिख रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# राजनीति में भगदड़ का सुख



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

आज नेता मुंशीराम झील के किनारे पार्क में बेंच पर अकेले बैठे हुए कुछ चिंतन करते हुए मिले। मैं उनके पास गया तो वह मुस्कुरा कर बोले । 'बहुत दिनों बाद मिल रहे हो?' मैंने भी उनसे कहा 'सच है ,अबकी बार तो बहुत टाइम हो गया है। सुनाओ क्या कुछ चल रहा है राजनीति में आजकल?'

'जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे ही विभिन्न पार्टी के लोगों ने इधर से उधर आना जाना शुरू कर दिया।अधिकांश लोग अपने सुनहरे भविष्य के लिए सत्ता वाली पार्टी का हाथ थाम रहे हैं।लगता है ,जैसे नेताओं में तू चल में आया जैसी भगदड़ मची हुई है।आज राजनीति में जिन नेताओं को अपने जन आधार पर विश्वास नहीं है उनका अपनी पार्टी के प्रति समर्पण भाव डगमगाने लगता है।


ऐसे में सत्ता सुख पाने तथा अपना राजनीतिक भविष्य सुरक्षित बनाए रखने के लिए नेता पलटी मार कर दूसरी पार्टी में चला जाता है । मीडिया में छोड़ी गई पार्टी की व उसके नेताओं की कमियां गिनाता रहता है और खुद को गंगा स्नान में नहाया हुआ संत जैसा मानता है।

अपनी पार्टी से उठे मन वाला नेता दूसरी पार्टी में जाने के लिए उचित मौका देखता है।वह आने वाले चुनाव में अपनी पार्टी की सामने खड़ी संभावित हार को देख नयी पार्टी की राह पकड़ लेता है।


कहते हैं जब जहाज डूबने लगता है तो उसके चूहे ही बाहर निकलने के लिए सबसे पहले भगदड़ी मचाते हैं ।शायद आज कहीं नेताओं की स्थिति ऐसी ही होती जा रही है । वह पार्टी बदलते समय फिर उस जनता के बारे में नहीं सोचते जिन्होंने उन्हें अपने वोटों से जिता कर जन प्रतिनिधि बनाया।अब वह जनता की ओर पीठ फेर , सत्ता सुख की प्राप्ति को ही सबसे अच्छा अवसर मानते हैं।




**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
अरुणाचल प्रदेश के राज्यत्व दिवस पर राज्य के लोगों को मेरी शुभकामनाएं। अरुणाचल प्रदेश के लोग भारत के विकास में भरपूर योगदान दे रहे हैं। राज्य की संस्कृति की भी बहुत प्रशंसा की जाती है, विशेषकर जीवंत जनजातीय परंपराओं और समृद्ध जैव विविधता की। आने वाले वर्षों में अरुणाचल प्रदेश समृद्ध बना रहे।



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
कुलदीप कुमार एक गरीब घर का लड़का है। INDIA गठबंधन की ओर से चंडीगढ़ का मेयर बनने पर बहुत बहुत बधाई। ये केवल भारतीय जनतंत्र और माननीय सुप्रीम कोर्ट की वजह से संभव हुआ। हमें किसी भी हालत में अपने जनतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं की निष्पक्षता को बचाकर रखना है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जब तक आप अपने ही तर्क में बंद हैं, जीवन का जादू आपके सामने प्रकट नहीं होगा।



**आनंद महिंद्रा,** उद्यमी
@anandmahindra
फास्ट फूड... फूड ट्रक... और अब: फास्ट रेस्तरां...। एक नया व्यवसाय मॉडल क्योंकि यह पूर्ण आकार के रेस्तरां को स्थान की बाध्याता से से मुक्ति देता है। यह वहीं जाता है जहां बाजार है।

## नॉलेज कॉर्नर: भारत इस रेलवे पुल की पड़ोसी देशों में चर्चा

# बेहद खास है दुनिया का सबसे ऊंचा रेल ब्रिज

भारत के एक रेलवे पुल ने पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन की नींदें उड़ा दी हैं। यह पुल है केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में। ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना के तहत चिनाब नदी पर बना यह पुल अपनी घोषणा के साथ ही इन दोनों देशों की आंखों की किरकिरी बन गया था, क्योंकि इससे आम आवाजाही तो आसान होगी ही, भारतीय सेना को भी आसानी से आने-जाने का रास्ता मिल जाएगा। ब्लास्ट प्रूफ और घाटी में हाई स्पीड ट्रेनों के दौड़ने की राह प्रशस्त करने वाले इस स्टील आर्च ब्रिज को दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बताया जा रहा है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं इस बारे में...

### 120 सालों तक के लिए डिजाइन

चिनाब रेलवे ब्रिज की ऊंचाई नदी के तल से 359 मीटर है और इसकी कुल लम्बाई 1315 मीटर है। यह ब्रिज 530 मीटर जमीन के ऊपर और बाकी का 785 मीटर हिस्सा चिनाब वैली के ऊपर बना है। यह पेरिस के एफिल टावर से भी 35 मीटर ऊंचा है। वैसे तो चीन के शुईपई नदी पर बना पुल 275 मीटर ऊंचा है, लेकिन चिनाब रेल ब्रिज की नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। इस ब्रिज को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे यह 120 सालों तक सेवा देता रहेगा। इससे भारतीय रेलवे की जम्मू से कश्मीर घाटी तक पहुंच आसान होगी।



### भूकंप जोन-5 के लिहाज से तैयार

इस ब्रिज पर ट्रेनें 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार के साथ दौड़े सकेंगी, जिसका मेन आर्च स्पान 467 मीटर का है, जिसे भारतीय रेलवे का सबसे लम्बा स्पान वाला आर्च ब्रिज बताया जा रहा है। वैसे तो इस ब्रिज का क्षेत्र भूकंप के जोन चार में आता है, लेकिन इसे भूकंप क्षेत्र पांच के लिए डिजाइन किया गया है यानी यह भूकंप के लिहाज से काफी सुरक्षित है और रिक्टर स्केल पर आठ की तीव्रता वाले भूकंप को भी आसानी से झेल लेगा।

### तेज हवा भी नहीं कर पाएगी बाल बांका

*इस ब्रिज के निर्माण में इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि कश्मीर घाटी में तेज हवाएं चलती हैं। इसलिए इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे यह 266 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार वाली हवाओं को भी आसानी से सह सकता है।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

**कांग्रेस से खींचतान के बीच समाजवादी पार्टी ने जारी की तीसरी सूची, पांच और प्रत्याशी किए घोषित**

# भाई धर्मेंद्र का टिकट काटा, चाचा शिवपाल सिंह होंगे बदायूं से प्रत्याशी

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ जारी खींचतान और स्वामी प्रसाद मौर्य के पार्टी से इस्तीफे के सियासी झटके के बीच समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अपने उम्मीदवारों की तीसरी सूची मंगलवार को जारी कर दी। इसमें पांच उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं।

सपा की दूसरी और तीसरी सूची ऐसे समय जारी की गई हैं, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत



उत्तर प्रदेश में है और सपा प्रमुख अखिलेश यादव यात्रा से दूरी बनाए हुए हैं। उन्होंने सीटों के बंटवारे पर सहमति होने से पहले यात्रा में शामिल होने से इनकार कर दिया है। सपा ने कांग्रेस को 17 सीटों की पेशकश की है। लेकिन कांग्रेस की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया है।

सपा अब तक राज्य की 80 में से 31 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। मंगलवार को आई सूची समाजवादी पार्टी की अंदरूनी राजनीति के लिहाज से भी अहम मानी जा रही है।

पार्टी ने बदायूं लोकसभा सीट पर इस बार अपना उम्मीदवार बदला है। अखिलेश ने अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव को बदायूं से प्रत्याशी बनाया है।

### सपा का गढ़ रहा है बदायूं

बदायूं लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी की सबसे महत्वूपर्ण सीटों में से एक रही है। बदायूं को पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के गढ़ के रूप में देखा जाता रहा है। बदायूं के सैफई में ही उनका जन्मस्थल है। ऐसे में अब शिवपाल को इस सीट को जीतने की जिम्मेदारी दे दी गई है। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा की संघमित्रा मौर्य ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने सपा के धर्मेंद्र यादव को हराया था। अब अखिलेश ने चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को संगठन की जिम्मेदारी दी है।

### वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल उम्मीदवार

वहीं पार्टी ने वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल को टिकट दिया है। इस सीट पर मौजूदा सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। अगर प्रधानमंत्री इसी सीट से एक बार फिर चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें यहां उनके सामने सुरेंद्र सिंह पटेल मैदान में नजर आएंगे। इसके अलावा कैराना से इकरा हसन, बदायूं से शिवपाल यादव,हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत और बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन पार्टी प्रत्याशी होंगे।

### धर्मेंद्र यादव को कन्नौज व आजमगढ़ सीट का बनाया गया प्रभारी



धर्मेंद्र यादव को कन्नौज और आजमगढ़ लोकसभा सीट का प्रभारी बनाया गया है। माना जा रहा है कि इन दोनों सीटों पर जीत का समीकरण तैयार करने की जिम्मेदारी धर्मेंद्र पर होगी। कन्नौज से अखिलेश यादव के चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है। धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ लोकसभा उप चुनाव में उम्मीदवार थे। उन्हें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ से हार झेलनी पड़ी थी। सपा ने अमरोहा लोकसभा सीट के लिए महबूब अली और रामअवतार सैनी को प्रभारी बनाया है। वहीं, बागपत लोकसभा सीट का प्रभारी मनोज चौधरी को बनाया गया है।

## जरूरी खबर

### गुजरात: कांग्रेस के 10 MLA एक दिन के लिए निलंबित



**गांधीनगर** । गुजरात विधानसभा में नारेबाजी करने पर 10 कांग्रेस विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस समय गुजरात विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है कांग्रेस विधायकों ने पिछले साल छोटा उदेपुर जिले में सामने आए एक फर्जी सरकारी कार्यालय और सिंचाई परियोजनाओं के लिए धन की हेराफेरी के मुद्दे को सदन में उठाया और जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं विधायकों ने सदन से वॉकआउट भी किया। बढ़ते हंगामे को देखते हुए कांग्रेस के 10 विधायकों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

### समाजवादी पार्टी मेरे लिए सबसे पहले: राजा भैया

**लखनऊ । गांधीनगर** उत्तर प्रदेश में बदल रहे राजनीतिक समीकरण के बीच रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने कहा है कि समाजवादी पार्टी को मैंने 20 साल दिए हैं। मेरे लिए यह पार्टी सबसे पहले है। राजा भैया ने यह बात सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हुई बातचीत के बाद कही है। दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की राजनीति में उठापटक तेज हो गई है। दरअसल, सपा के यूपी प्रभारी नरेश उत्तम पटेल राजा भैया से मिलने लखनऊ कैंट स्थित उनके निवास पहुंचे। पटेल ने इस मुलाकात के दौरान फोन पर राजा भैया की अखिलेश से बातचीत कराई। इस दौरान अखिलेश यादव ने राजा भैया से राज्यसभा चुनाव में अपने तीसरे उम्मीदवार को वोट देने के लिए समर्थन मांगा। राजा भैया ने अखिलेश यादव को इस संबंध में आश्वासन दिया है। इसके बाद ही राज्य में राजनीतिक समीकरण बदलने लगे हैं।

**महाराष्ट्र: विधानसभा के विशेष सत्र में विधेयक पास**

# मराठों को शिक्षा और नौकरियों में मिलेगा 10 प्रतिशत आरक्षण

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा ने सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला मराठा आरक्षण विधेयक 2024 यक मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण विधेयक राज्य विधानसभा में पेश किया।

राज्य में 52 प्रतिशत आरक्षण पहले से है। 10 प्रतिशत मराठा आरक्षण जुड़ने से रिजर्वेशन लिमिट 62 प्रतिशत हो जाएगी।आरक्षण कोटा 5 प्रतिशत से ज्यादा होने से इस बिल को कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2021 में मराठा समुदाय को अलग से आरक्षण देने के फैसले को रद्द कर दिया था, क्योंकि आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत से ऊपर हो गई थी।

सीएम शिंदे ने सदन में कहा कि हमने मौजूदा कोटा को छेड़े बिना मराठों को आरक्षण देने का प्रस्ताव दिया है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव से पहले राज्य की भाजपा व शिंदे नीत शिवसेना सरकार द्वारा की गई इस पहल को काफी अहम माना जा रहा है। महाराष्ट्र की राजनीति में प्रभावशाली स्थान रखने वाला मराठा समुदाय अपने लिए आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। दरअसल, मराठा आरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार ने महाराष्ट्र विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाया था। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद थे। सरकार का मकसद है कि अन्य समुदायों के लाभों को प्रभावित किए बिना मराठा समुदाय को स्थायी आरक्षण प्रदान किया जाएगा। वहीं, विधानसभा में पारित होने के बाद सीएम शिंदे विधेयक को महाराष्ट्र विधान परिषद में पेश कर दिया है।



### 10 साल बाद हो सकेगी समीक्षा

विधेयक में प्रस्ताव किया गया है कि आरक्षण लागू होने के 10 साल बाद इसकी समीक्षा की जा सकती है। विधेयक में बताया गया कि राज्य में मराठा समुदाय की आबादी 28 प्रतिशत है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले कुल मराठा परिवारों में से 21.22 प्रतिशत के पास पीले राशन कार्ड हैं। यह राज्य के औसत 17.4 प्रतिशत से अधिक है। जनवरी-फरवरी के बीच किए गए सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि मराठा समुदाय के 84 फीसदी परिवार उन्नत श्रेणी में नहीं आते हैं। ऐसे में वे आरक्षण के लिए पात्र हैं।



### पिछड़ा वर्ग आयोग ने सौंपी थी रिपोर्ट

इससे पहले महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने शुक्रवार को मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन पर अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी थी। इस कवायद में लगभग 2.5 करोड़ परिवारों को शामिल किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने कर दिया था रद्द

साल 2018 में महाराष्ट्र सरकार ने सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए महाराष्ट्र राज्य आरक्षण अधिनियम लागू किया था, जिसमें मराठा समुदाय को शिक्षा और नौकरी में आरक्षण देने का प्रावधान था. लेकिन 2021 में सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की एक संवैधानिक पीठ ने मराठा आरक्षण को रद्द कर दिया।

### मनोज जरांगे ने जताई निराशा

इस बीच, मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे पाटिल ने कहा कि सरकार का यह फैसला चुनाव और वोटों को ध्यान में रखकर लिया गया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार जो आरक्षण अलग श्रेणी के तहत देने की कोशिश कर रही है, वह उन्हें नहीं चाहिए. उन्होंने कहा, हमें ओबीसी कोटे से ही आरक्षण चाहिए। जरांगे ने कहा, हमें वह आरक्षण चाहिए जिसके हम हकदार हैं, उन लोगों को ओबीसी के तहत आरक्षण दें जिनके कुनबी होने का प्रमाण मिल गया है और जिनके पास कुनबी होने का प्रमाण नहीं है, उनके लिए "सेज सोयरे" कानून पारित करें। ज्ञात रहे कि जरांगे फिलहाल मराठा आरक्षण को लेकर जालना जिले में अपने पैतृक स्थान पर 10 फरवरी से अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

**राज्यसभा चुनाव**

# नड्डा समेत कई प्रत्याशी निर्विरोध हुए निर्वाचित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले राज्यसभा की खाली 52 सीटों के लिए चुनाव में नाम वापसी के अंतिम दिन मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। मध्य प्रदेश में भाजपा के चार और कांग्रेस के एक प्रत्याशी राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। भाजपा की ओर से केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरूगन, उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंशीलाल गुर्जर चुनाव मैदान में थे। वहीं, कांग्रेस की ओर से अशोक सिंह को राज्यसभा के लिए नामित किया गया था।

गुजरात में राज्यसभा की खाली चार सीटें भाजपा को मिली हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गोविंद ढोलकिया, जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक राज्यसभा पहुंचे हैं। वहीं बिहार में राज्यसभा सीटों के चुनाव में छह सीटों



के लिए चुनाव में सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इसमें भाजपा के भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता, जेडीयू के संजय झा और आरजेडी के मनोज झा और संजय यादव शामिल हैं। वहीं कांग्रेस के अखिलेश सिंह निर्वाचित हुए हैं। एधर, महाराष्ट्र अशोक चव्हाण सहित छह उम्मीदवारों को निर्विरोध चुना गया है। इन छह उम्मीदवारों में भाजपा ने चव्हाण सहित तीन नेताओं को मैदान में उतारा था। जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने एक-एक उम्मीदवार उतारा था।

**अखिलेश यादव को सियासी झटका**

# एसपी मौर्य का सपा से इस्तीफा

**एजेंसी** | लखनऊ

समाजवादी पार्टी से नाराज चल रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही विधान परिषद सदस्य के पद से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में कहा कि 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहा हूं। मौर्य का इस्तीफा अखिलेश यादव के लिए सियासी झटका माना जा रहा है।

मौर्य ने विधान परिषद के सभापति को पत्र में लिखा कि चूंकि मैंने समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है,





इसलिए नैतिकता के आधार पर विधान परिषद की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहा हूं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत में मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव रास्ते से भटक गए हैं। वो खुद को सेकुलर कहते हैं, पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। हमारे उनसे मतभेद हैं, मनभेद नहीं है। जब भी वह सही रास्ते पर आएंगे। मैं उनका स्वागत करूंगा। मैंने कभी भी विचारधारा से समझौता नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ऐसे सेकुलर हैं कि पार्टी कार्यालय में पूजा करवा रहे हैं।

**एमपी: राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर तैयारी**

# कमलनाथ बैठक से जुड़े, कांग्रेस खुश

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में जाने को लेकर अटकलों पर

अब विराम लग गया है। कमलनाथ मंगलवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भोपाल में पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में वर्चुअली जुड़े। कमलनाथ को बैठक में देखकर कांग्रेस के नेता खुश नजर आए। कमलनाथ के अलावा पार्टी नेता दिग्विजय सिंह और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़े। लेकिन छिंदवाड़ा से कांग्रेस विधायक



सहित विजयपुर विधायक रामनिवास रावत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, डॉ. गोविंद सिंह, मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह, राजेंद्र सिंह जैसे दिग्गज नेता बैठक में



शामिल नहीं हुए हैं।

बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने यात्रा की तैयारी को लेकर बनाई गई समितियों के सदस्यों और रूट में आने वाले जिलों के वरिष्ठ नेताओं से वन-टू-वन चर्चा की। राहुल की प्रदेश में यात्रा के दौरान अग्निवीरों, पटवारी भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों और किसानों के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। बैठक से पहले कांग्रेस छोड़ने वालों पर जितेंद्र सिंह ने कहा, जो कांग्रेस की रीति-नीति नहीं मानता, उसके लिए दरवाजे खुले हैं, वह जा सकता है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो मार्च को राजस्थान के धौलपुर से मध्यप्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेगी। यह यात्रा पांच दिन मध्यप्रदेश में रहकर छह मार्च को सैलाना होते हुए राजस्थान के बाड़मेर जिले की सीमा में प्रवेश करेगी।

**सियासी संदेश: पीएम मोदी की रैली में पहुंचे पीडीपी नेता मुज्जफर हुसैन बेग**

# महबूबा को सलाह-व्यक्तिगत लाभ की राजनीति के बजाय देश हित की सोचें

**एजेंसी** | जम्मू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू के दौरे पर थे जहां उन्हों ने एक रैली को संबोधित किया। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के सह संस्थापक व जम्मू कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री मुज्जफर हुसैन बेग भी जम्मू के एमए स्टेडियम में पीएम मोदी की जनसभा में पहुंचे।बेग का पीएम मोदी की रैली में जाना जम्मू-कश्मीर की राजनीति के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। देश में लोकसभा चुनाव होने हैं। वहीं, जम्मू कश्मीर में भी इस साल विधानसभा चुनाव होने के आसार हैं। इस दौरान हुसैन ने कहा कि वह पीडीपी का हिस्सा नहीं



हैं। वह महबूबा मुफ्ती को कहना चाहेंगे कि वह व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीति करने के बजाय राष्ट्र हित के बारे में सोचें। इससे पहले बेग ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके साथ मेरे हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं और उनके नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर विकास हुआ है।

बेग ने न तो इस बात की पुष्टि की और न ही खंडन किया कि वह भाजपा में शामिल होंगे या नहीं। इसके बजाय उन्होंने पूछा कि क्या कोई अपने प्रधानमंत्री को सुनने नहीं आ सकता। उन्होंने कहा, क्या आपसे किसी ने कहा कि मैं भाजपा में शमिल होने जा रहा हूं। मुझे आमंत्रण मिला इसलिए मैं जा रहा हूं। ना तो मुझसे किसी ने भाजपा में शामिल होने के लिए कहा और ना मैं शामिल होने आया हूं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा जम्मू-कश्मीर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली है। ऐसे में बैग के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गईं हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अब भी पीडीपी में हैं, इस पर उन्होंने कहा, मैं फिलहाल किसी भी पार्टी से नहीं जुड़ा हूं।

### प्रमुख गुर्जर नेता हैं बेग

बेग कश्मीर के एक प्रमुख गुर्जर नेता हैं। हाल के दिनों में अन्य दलों के कई प्रमुख जनजातीय नेता भाजपा में शामिल हुए हैं, लेकिन अगर वह ऐसा करते हैं, तो बेग ऐसा करने वाले कश्मीर प्रांत के पहले गुर्जर नेता बन सकते हैं। ज्ञात रहे कि बेग ने इस साल जनवरी में कहा था कि उन्होंने कभी पीडीपी नहीं छोड़ी। वह काफी समय से निष्क्रिय थे, लेकिन अभी भी पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनके और पीडीपी के बीच का रिश्ता एक आत्मा की तरह है। बेग ने ये भी कहा था कि उनकी दोनों बेटियां पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की सबसे बड़ी समर्थक हैं।

### डॉ. फारूक ने भी पीएम मोदी को सराहा कहा- घाटी में बढ़ेगा पर्यटन कारोबार

दूसरी ओर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीर में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन लॉन्च के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू से पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथी ही बारामुला से संगलदान स्टेशन ट्रेन सेवा को भी शुरू किया गया है। इस कदम के लिए फारूक ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमें इसकी जरूरत थी। यह हमारे पर्यटन और लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक बड़ा कदम है जो आज उठाया गया है। मैं इसके लिए रेल मंत्रालय, पीएम मोदी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी के रेल से जुड़ने से कई समस्याओं का हल होगा। घाटी में पर्यटन कारोबार में वृद्धि होगी। ऐसे में सड़क सेवा के कारण होने वाली कई समस्याओं का समाधान भी हो पाएगा। यह वस्तुओं और सेवाओं के परिवहन और आपूर्ति में भी मददगार साबित होगी। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रेल सेवा हमारे लोगों के लिए प्रगति लाएगी। हमें उम्मीद थी कि यह सेवा यह 2007 में शूरू होगी, लेकिन भूगोलिक परिस्थितियों के कारण ऐसा हो नहीं पाया।

## जरूरी खबर

### राजस्थान में अब दो दिन और हो सकेंगे तबादले

**जयपुर।** राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर तबादलों की अवधि दो दिन के लिए और बढ़ा दी है। इससे पहले प्रशासनिक सुधार विभाग ने 20 फरवरी तक ही तबादलों पर से प्रतिबंध हटाया था, लेकिन चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण विभाग और खान सहित कई महकमों में अभी तक तबादले हुए ही नहीं। इसके अलावा कई विभागों में हुए हैं तो वह भी बहुत कम संख्या में हुए हैं। ऐसे में सरकार अब दो दिन तक और तबादले कर सकेगी। माना जा रहा है कि दो दिन तक कुछ और विभागों की सूचियों को अंतिम रूप दिया जा सकता है।

### तेजस ने भरी स्वदेशी DFCC के साथ उड़ान



**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम के तहत स्वदेशी रूप से विकसित डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) के साथ तेजस लड़ाकू विमान ने सफल उड़ान भरी है। उड़ान नियंत्रण के सभी जरूरी पैरामीटर, प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा तकनीक के क्षेत्र में यह अहम कदम हैं। आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए स्वदेशी रूप से डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) को विकसित किया गया, जिसे तेजस लड़ाकू विमान के साथ इस्तेमाल किया गया। परीक्षण के दौरान यह सफल रहा।

### संदेशखाली हिंसा पर ममता सरकार को फटकार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई हिंसा पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख फिलहाल फरार है। हाई कोर्ट ने शेख के अब तक सरेंडर नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल समर्पण का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी शाहजहां शेख फरार नहीं रह सकता है और न ही सरकार उसे बचाने का काम कर सकती है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई करते हुई हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। अधिकारी ने हिंसाग्रस्त संदेशखाली जाने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगते हुए याचिका दायर की है।

## घाटी को मिली इलेक्ट्रिक ट्रेन...कश्मीर से कन्याकुमारी जल्द जुड़ेंगे ट्रेन से



*जम्मू। प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर को कई परियोजनाओं की सौगात दी। पीएम मोदी ने श्रीनगर से संगलदान और संगलदान से श्रीनगर तक इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह कश्मीर की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन है। इस ट्रेन के शुरू होने से घाटी में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।*

### बेहतर मुस्कान की चाह में गवां दिए प्राण

**हैदराबाद।** हैदराबाद से एक हैरान करने वाली खबर आई है। शहर का एक युवक शादी से पहले अपनी मुस्कान और हंसी को बेहतर दिखाने के लिए स्माइल डिजाइनिंग सर्जरी कराने पहुंचा था। लेकिन सर्जरी के दौरान ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया और क्लीनिक के खिलाफ जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि 16 फरवरी को लक्ष्मी नारायण विंजाम ने जुबली हिल्स में एक क्लिनिक में 'स्माइल सर्जरी' कराई, जिस दौरान उनकी मौत हो गई। विंजाम के पिता रामुलु विंजाम का कहना है कि सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया के ओवरडोज के कारण उनकी मृत्यु हुई है। हालांकि, परिवार को विंजाज के सर्जरी की कोई जानकारी नहीं थी।

फिलहाल, उनके परिवार ने अस्पताल पर लापरवाही का मामला दर्ज कराया है। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। रामलु विंजाम ने बताया कि उनका बेटा सर्जरी के दौरान अचेत हो गया था।

### J&K को 32000 करोड़ की सौगात... देश के अन्य हिस्सों को 13,500 करोड़ के प्रोजेक्ट मिले

# परिवारवाद की राजनीति के शिकार J&K के सपने होंगे पूरे



**एजेंसी। जम्मू**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हम हम विकसित जम्मू-कश्मीर बनाकर ही रहेंगे। वह 70 सालों से अधूरे सपने आने वाले कुछ ही सालों में पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थी। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं, लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने राज्य की पिछली सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा परिवारवाद की राजनीति का शिकार रहा है। परिवारवाद की राजनीति करने वालों ने सिर्फ अपना स्वार्थ देखा है। सिर्फ अपने परिवार की सोचने वाले लोग कभी आपके परिवार की चिंता नहीं करेंगे।

#### ये दी सौगात

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू में शिक्षा, रेलवे, एविएशन और सड़क क्षेत्रों के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान स्टेशन और बारामूला स्टेशन के बीच ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। इनके अलावा पीएम ने जिन योजनाओं की शुरुआत की, उसमें रियासी जिले में चेनाब नदी पर सबसे ऊंचा पुल, जम्मू एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंगदिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे और जम्मू में एम्स आदि प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।**

#### 370 की ताकत देखिए... भाजपा को 370 सीटें दीजिए

पीएम मोदी ने मंगलवार को अपने जम्मू दौरे के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इससे पहले पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई परियोजनाओं और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। जनसभा में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि सरकार पहली बार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। उन्होंने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के संदर्भ में कहा कि 370 की ताकत देखिए, 370 जाने की वजह से आज मैंने हिम्मत के साथ देशवासियों को कहा है कि अगले चुनाव में भाजपा को 370 दीजिए और राजग को 400 पार कर दीजिए। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश का कोई भी इलाका पीछे नहीं रहेगा, सब मिलकर आगे बढ़ेंगे।

#### तेजी से आगे बढ़ रहा है जम्मू-कश्मीर

पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर तेजी से आगे बढ़ रहा है, यहां पर कनेक्टिविटी बढ़ी है. यहां के विकास को लेकर वह उत्साहित हैं। जम्मू-कश्मीर के विकास का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब यहां पर आईआईटी और आईआईएम भी हैं। मोदी ने कहा, यह मोदी की गारंटी है और यह जारी रहेगी। जब मोदी की गारंटी गांव-गांव तक पहुंच रही थी तो आप लोगों ने उसका स्वागत किया। जम्मू-कश्मीर के इतिहास में ये पहली बार हुआ है जब कोई सरकार उनके दरवाजे पर आई है।

#### कश्मीर में दौड़ी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

जम्मू से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही पीएम मोदी ने भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया। अब देश के किसी भी हिस्से ट्रेन के माध्यम से कश्मीर जाने का सपना जल्द ही सच होने जा रहा है। उत्तर रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बनिहाल-खड़ी-सुंबर-संगलदान खंड के खुलने से वे उत्तर में कश्मीर घाटी से देश के दक्षिणी सिरे पर कन्याकुमारी तक ट्रेन चलाने के सपने को साकार करने के एक कदम करीब आ गए हैं। पीएम मोदी ने श्रीनगर से संगलदान और संगलदान से श्रीनगर तक इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह कश्मीर की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन है। इस ट्रेन के शुरू होने से घाटी में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पीएम मोदी ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) पर भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग का भी उद्घाटन किया। अधिकारी ने कहा, यह सबसे लंबी सुरंग, जो 12.77 किमी लंबी है।

### विशेष विमान लेकर जाएगा

## भगवान बुद्ध के अवशेष थाईलैंड में किए जाएंगे प्रदर्शित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में संजोकर रखे गए भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों में कुछ 22 फरवरी से 18 मार्च तक थाईलैंड में प्रदर्शित किए जाएंगे। इन अवशेषों को भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से ले जाया जाएगा। दुनिया भर में बौद्ध धर्मावलंबी बहुत आदर भाव से इन अवशेषों को देखते हैं। संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय में संजोकर रखे गए भगवान बुद्ध के 20 अवशेषों में चार थाईलैंड में प्रदर्शित किए जाएंगे। थाइलैंड सरकार के विशेष अनुरोध पर भारत सरकार ने इन पवित्र अस्थियों को भेजने का फैसला लिया है। इन्हें वायु सेना के विशेष हरक्यूलस विमान से केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पूरे सम्मान और सुरक्षा के साथ 22 फरवरी को रवाना किया जाएगा।



संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा में थाइलैंड भेजी जा रही भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों की अस्थियां की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये अवशेष 22 फरवरी को थाईलैंड पहुंचेंगे तथा उन्हें 22 फरवरी से तीन मार्च तक बैंकाक में विशेष मंडप में प्रदर्शित किया जाएगा। मोहन ने कहा कि बाद में चार मार्च से 18 मार्च तक थाईलैंड में अन्य तीन स्थानों पर इन अवशेषों को प्रदर्शित किया जाएगा। उनके अनुसार 19 मार्च को इन अवशेषों को वापस लाया जाएगा।

### मुलाकात



*नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की रॉयल नौसेना के अध्यक्ष रियर एडमिरल डेविड प्रोक्टर ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत के रक्षा सचिव गिरधर अरमाने से मुलाकात की और द्विपक्षीय हितों के मसलों पर चर्चा की।*

### आंदोलन: शंभूपुरा बॉर्डर पर डटे हैं किसान

# किसानों का कूच आज, MSP पर भटकाने का आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एमएसपी पर कानून बनाने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन मंगलवार को आठवें दिन में प्रवेश कर गया है। बीते दो दिनों से शंभू बॉर्डर पर शांति कायम है। अब तक किसान नेताओं और केंद्र सरकार के बीच चार बार वार्ता हो चुकी है, लेकिन इसका कोई भी नतीजा नहीं निकल सका है।

वहीं दिपांच साल तक दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किए जाने के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज करने के बाद किसानों ने 21 फरवरी को दिल्ली कूच करने का फैसला कर लिया है। किसान



नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि यह किसानों की एमएसपी की मांग को 'भटकाने और कमजोर करने' की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोक रही है और किसानों को दिल्ली जाने की इजाजत मिलनी चाहिए। दूसरी ओर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश ने केंद्र सरकार को किसान विरोधी बताया है। पंढेर ने कहा कि सरकार की मंशा बहुत स्पष्ट थी कि वे हमें किसी भी कीमत पर दिल्ली में प्रवेश नहीं करने देंगे। यदि आप किसानों के साथ चर्चा के माध्यम से समाधान नहीं निकालना चाहते हैं तो हमें दिल्ली की ओर मार्च करने की अनुमति दी जानी चाहिए। जब हम दिल्ली की ओर बढ़े, गोलाबारी हुई। ट्रैक्टरों के टायरों पर गोलियां भी चलाई गईं।

पंढेर ने आगे कहा, हरियाणा के DGP ने कहा है कि वे किसानों पर आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। इसका इस्तेमाल करने वालों के लिए सजा की मांग करते हैं। गलत बयान भी दिए जा रहे हैं। हरियाणा में हालात कश्मीर जैसे हैं। हम 21 फरवरी को दिल्ली की ओर मार्च करेंगे। सरकार ने हमें एक प्रस्ताव दिया है ताकि हम अपनी मूल मांगों से पीछे हट जाएं। इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी अब जो भी हो।

#### सरकार ने किसानों को रोका, किसान सरकार को आने से रोक देंगे: टिकैत

दूसरी ओर शामली में चौसाना के जिजौला में किसानों की समस्याओं को लेकर आयोजित महापंचायत में किसान नेताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। पंचायत में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मुख्य अतिथि रहे। टिकैत ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, जिससे किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। सरकार चाहती है कि किसान परेशान हों। उन्होंने कहा, सरकार ने किसानों को दिल्ली जाने से रोका है। किसान सरकार को 2024 में आने से रोकेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी कंपनियों का फायदा कैसे होगा, ऐसी नीतियों पर काम चल रहा है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा...

## रूस ने भारत के हितों को नहीं पहुंचाया नुकसान

**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले का बचाव करते रहे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि मॉस्को ने कभी भी नई दिल्ली के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया और दोनों देशों के बीच हमेशा स्थिर और मित्रवत संबंध रहे हैं।

म्यूनिख सिक्यूरिटी कान्फ्रेंस में हिस्सा लेने जर्मनी गए विदेश मंत्री ने एक जर्मन दैनिक को दिए साक्षात्कार में कहा, 'हर कोई अपने पिछले अनुभवों के आधार पर रिश्ते निभाता है। उन्होंने कहा, मैं यह अपेक्षा नहीं करता कि चीन पर यूरोप का दृष्टिकोण वही हो जो हमारा है, यूरोप को भी समझना चाहिए कि रूस के प्रति मेरा दृष्टिकोण वही नहीं हो सकता जो उनका है।

#### चीन के साथ भारत के रिश्ते मुश्किल

जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ भारत के राजनीतिक और सैन्य रिश्ते कहीं ज्यादा मुश्किल हैं। यूक्रेन में लड़ाई प्रारंभ होने पर यूरोप ने तेल खरीद का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया में स्थानांतरित कर दिया था, जो तब तक भारत और अन्य देशों का बड़ा आपूर्तिकर्ता था। जयशंकर ने कहा, हमें क्या करना चाहिए था? पश्चिम एशिया के हमारे आपूर्तिकर्ताओं ने यूरोप को प्राथमिकता दी।

## जवाहर कला केन्द्र के रंगायन शुरू हुआ राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह

# 30प्रतिभाओं ने शास्त्रीय, उप-शास्त्रीय और लोक गायन से जमाया 'गुलाबी' रंग

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर, कोटा, वाराणसी, रीवा, इंदौर और भरूच जैसे शहरों की आवाज जब गुलाबी नगरी में गूंजी तो सुरों की बयार आ गई। देश भर के स्वरों को यहां मंच मिला और हर कोई गाता चला गया। ये अनूठा नजारा जयपुर आईं 30 प्रतिभाओं ने शास्त्रीय, उप-शास्त्रीय, लोक और सुगम गायन में देखने को मिला। सुर संगम संस्थान का 34वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह जवाहर कला केन्द्र के रंगायन शुरू हुआ। पहले दिन जयपुर, कोटा, वाराणसी सहित कई शहरों के सिंगर्स ने रंग जमाया।



### मुंबई के गायक ने परखा टैलेंट

जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में कला व संस्कृति विभाग के सहयोग से हो रहे अखिल भारतीय प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के हुनर को मुंबई के गायक पं. भवदीप जयपुवाले, गायिक चेतना पाठक और भावना कडूसकर ने विभिन्न मानकों की कसौटी पर परखा। साथ ही कई प्रतिभागियों से सवालात किए तथा कई दूसरी और रचनाएं प्रस्तुत कराईं। इस दौरान सुर संगम संस्थान के अध्यक्ष केसी मालू, सचिव मुकेश अग्रवाल और संगीतज्ञ दीपक माथुर ने निर्णायकों का बुके भेंट कर अभिनंदन किया।

### आज होंगी सिरमौर प्रतियोगिताएं

कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् आरडी अग्रवाल ने किया। समारोह के दूसरे दिन बुधवार को सुबह 10:30 बजे से विभिन्न श्रेणीयों के विजेताओं के बीच सिरमौर प्रतियोगितायें होंगी। शाम 7 बजे से गीतों भरी शाम का आयोजन होगा, जिसमें सभी प्रतिभागी प्रस्तुति देंगे।

### शास्त्रीय संगीत से हुई शुरुआत

समारोह की शुरूआत शास्त्रीय संगीत से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने राग नट भैरव, मधुवंती, जय-जयवंती और जोग सहित अनेक राग रागनियों के जरिए अपने सांगीतिक हुनर का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभागार में उप-शास्त्रीय गायन, लोक गीत और सुगम गायन की प्रतियोगिताएं हुईं। उप-शास्त्रीय गायन में कलाकारों ने विभिन्न राग-रागनियों पर आधारित ठुमरी, कजरी और चैती जैसी मनभावन लोक उप शास्त्रीय विधाओं का प्रदर्शन किया।










## गुणानुवाद सभा में पहुंचे जनप्रतिनिधि



**बेधड़क. जयपुर।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज की गुणानुवाद सभा आयोजित की गई, जिसमें सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा भी पहुंचे। नारायण सर्कल स्थित भट्टारकजी की नसियां स्थान पर सभा में शर्मा ने आचार्य विद्यासागर महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नई शिक्षा नीति में आचार्य विद्यासागर महाराज के योगदान को सराहा और कहा कि महाराज ज्ञान सिंधु के एक दैदीप्यमान बिंदु थे। सूर्य से दिव्य तेजस्वी थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन समाज और अन्य समाज के प्रबुद्धजन और मातृशक्ति मौजूद रहे। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा समेत समाज के प्रबुद्ध जनों ने भावांजलि दी।

## विद्यासागरजी को विनयांजलि



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में आचार्य गुरुवर विद्यासागरजी को विनयांजलि दी गई। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि समाज निःशब्द है। जीवन के यथार्थ का बोध व अध्यात्म का ज्ञान करा कर सद्भावना का संदेश प्रदान करते हुए विद्यासागरजी महाराज यमसल्लेखना पूर्वक समाधि को प्राप्त हो गए। उपस्थित भक्तजनों ने 108 बार नमोकार मन्त्र का जाप कर गुरुवर को अश्रुपूरित विनयांजलि दी। इससे पूर्व आचार्यश्री के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तथा अंत में शिखर चंद जैन ने कहा कि पूज्यश्री निःसंदेह भले ही हमारे मध्य न हो, किन्तु उनका सम्पूर्ण जीवन दर्शन हमारे समक्ष है। उस पथ के हम अनुगामी बनें यही हमारी सच्ची विनम्र श्रद्धांजलि-विनयांजलि होगी।

## जन्म व तप कल्याणक आज




**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव बुधवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे। सुबह मंदिरों में श्रीजी के अभिषेक के बाद शांतिधारा की जाएगी। मोती सिंह भोमियों का रास्ता दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा, प्रतापनगर के सेक्टर 8 के श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, प्रतापनगर के गोरधन नगर स्थित वासूपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, जग्गा की बावड़ी, तारों की कूंट पर सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान अभिनन्दन नाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस मनाया जाएगा।

## City इवेंट्स

### पराक्रम राठौड़ बने अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** जिला क्रिकेट संघ चूरू के चुनावों में अध्यक्ष पद पर पराक्रम राठौड़ निर्वाचित हुए। हाल ही में राठौड़ ने 11 फरवरी को नई दिल्ली में यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट पद का भी चुनाव जीता था। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर राठौड़ ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिताओं के अधिकाधिक आयोजन, खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलने के लिए अत्याधुनिक संसाधन मुहैया कराने और ग्राउंड तक की सभी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करूंगा। खेल मैदान मुहैया कराने के भी प्रयास होंगे। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी भागीरथ शर्मा, आरसीए वाइस प्रेसिडेंट शक्ति सिंह राठौड़, जिला स्पोर्ट्स काउंसिल चूरू के ऑब्जर्वर सीताराम प्रजापत व जिला ओलंपिक संघ चूरू के सचिव ठाकुरमल शर्मा उपस्थित रहे। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष के साथ 3 उपाध्यक्ष, 1 सचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 2 संयुक्त सचिव और 7 कार्यकारी सदस्य चुने गए।

### सीखेंगे अजरख प्रिंट की बारीकियां



**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश की कला व संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जवाहर कला केन्द्र की ओर से विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसी कड़ी में 22 से 26 फरवरी तक कार्यशाला में कला प्रेमी बाड़मेर के प्रसिद्ध अजरख प्रिंट से जुड़ी बारीकियां सीखेंगे। इसमें बाड़मेर के विशेषज्ञ राणामल खत्री और अचला राम प्रशिक्षक और सह प्रशिक्षक रहेंगे। इसके लिए केन्द्र के रिसेप्शन से आवेदन पत्र प्राप्त कर व गूगल फॉर्म के जरिए आवेदन किया जा सकता है। दोपहर 12 से 5 बजे तक ग्राफिक स्टूडियो में कार्यशाला होगी, जिसमें 16 वर्ष से अधिक आयु के उम्मीदवार हिस्सा ले सकेंगे।

### जयपुर वॉरियर्स ने जीता फाइनल मैच



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा वीआईटी रोड जगतपुरा में राज्य स्तरीय 4 दिवसीय क्रिकेट लीग का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल 8 प्रतिभागी दलों ने भाग लिया और फाइनल मैच में जयपुर वॉरियर्स टीम ने मैच जीतकर ट्रॉफी हासिल की। जयपुर वॉरियर्स टीम ने मंडल सदस्य सचिव विजय एन की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन करते हुए लीग की ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर सदस्य सचिव ने कहा कि भविष्य में मंडल द्वारा किए जाने वाले खेलों में वे भूमिका निभाते रहेंगे।

## निविक टेबलिंटन में प्लेयर्स ने जीते अहम मुकाबले

# प्रदेश भर की 12 टीमों के 800 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम




**बेधड़क | जयपुर**

निविक टेबलिंटन के 9वें संस्करण में प्रदेश भर के प्लेयर्स ने रोचक मुकाबलों में दमखम दिखाया। टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि मैचों में 800 प्लेयर्स ने भाग लिया। टेबल टेनिस संयोजक डॉ. अजय नायर व डॉ. संकल्प अवस्थी ने बताया कि टेबल टेनिस टीम इवेंट में 12 टीमें शामिल हुईं। टीम इवेंट के फाइनल मुकाबले में टीम मनिपाल की ओर से डॉ. अखिल गोयल, डॉ. विपुल यादव, डॉ. चंदन केदावत, डॉ. प्राची माहेश्वरी का दमदार प्रदर्शन रहा। ग्रैंड मास्टर ओपन में फाइनल में डॉ. अमित शर्मा विजेता रहे व डॉ. अनुराग शर्मा उपविजेता रहे।

डॉ. राकेश सोलंकी व डॉ. धर्मेंद्र शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। क्वींस ओपन एकल वर्ग में डॉ. पूर्वी भार्गव तथा डॉ. त्रिवेणी ढाका फाइनल में पहुंचे। मुकाबला डॉ. पूर्वी भार्गव ने जीता और न्यू टेबल टेनिस क्वीन घोषित हुई। डॉ. वंदिता शर्मा तथा डॉ. मेघना माथुर तृतीय स्थान पर रहीं। गोल्डन गर्ल्स ओपन में डॉ. संगीता खंडेलवाल विजेता व डॉ. अनिता जोशी उपविजेता रहीं। डॉ. जया देवेन्द्र और डॉ. मनीषा चावला तृतीय स्थान पर रहीं। चैंपियंस ओपन सिंगल्स में डॉ. सी पी सुथार विजेता तथा डॉ. शिवराज उपविजेता रहे।

डॉ. कविश शर्मा तथा डॉ. गीतेश मंगल तृतीय स्थान पर रहे। चैलेंजर्स ओपन सिंगल्स में डॉ. राजीब दुग्गड़ विजेता तथा डॉ. दीपक शुक्ला उपविजेता रहे। डॉ. हरीश तलरेजा और डॉ. हर्ष बेनीवाल तृतीय स्थान पर रहे। चैंपियंस ओपन डबल्स में डॉ. सी पी सुथार-डॉ. आदित्य मूंदड़ा विजेता रहे और डॉ. अखिल गोयल-डॉ. धर्मेंद्र शर्मा उपविजेता रहे।

## चिरायु हाफ मैराथन का पोस्टर लॉन्च

# सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस के लिए 10 मार्च को दौड़ेगा जयपुर




**बेधड़क | जयपुर**

कहते हैं स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं होता। यह बात सर्वथा उचित भी है, क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। वर्तमान में बेतरतीब जीवन शैली की वजह से लोगों को बड़ी गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सर्वाइकल कैंसर भी इनमें से एक है। जानलेवा सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए चिरायु हॉस्पिटल, जयपुर रनर्स और अलादीन के सहयोग से चिरायु हाफ मैराथन 10 मार्च को चिरायु हाफ मैराथन-2024 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मैराथन का पोस्टर विमोचन किया गया। पोस्टर लॉन्च पर जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर मुकेश मिश्रा और निदेशक मोहित चौधरी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम व टीकाकरण के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य के लिए चिरायु हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है।

इस कड़ी में 'रन फॉर हर' के तहत 3 किमी, सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस के तहत 10 किमी और चिरायु हाफ मैराथन के तहत 21 किमी दौड़ होगी, जिसमें 5 हजार से अधिक रनर्स के भाग लेने की उम्मीद है। 'चिरायु हाफ मैराथन-2024' के सोशल मीडिया पेज पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। सभी रनर्स को टी-शर्ट और विजेता को फिनिशर मैडल दिए जाएंगे।

इस मौके पर डायरेक्टर डॉ. मंजु चौधरी, डॉ. नीकेश अग्रवाल, जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर रवि गोएनका, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण तिजारिया और इवेंट के डिजिटल पार्टनर द अलादीन डिजिटल सॉल्यूशन के हैड इरफान खान मौजूद रहे।

**DR कॉन्क्लेव** फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल ने एसटीपीआई के सहयोग से किया आयोजन

# जीवन के हर पहलू में AI-इंटरनेट का क्रांतिकारी प्रभाव

**बेधड़क | जयपुर**

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) आदि को अपने प्राथमिक फोकस क्षेत्रों के रूप में प्राथमिकता दी है। इन क्षेत्रों में 2 महत्वपूर्ण आगामी प्रोजेक्ट्स में जयपुर के पास हाई टेक सिटी का विकास और अटल इनोवेशन स्टूडियो और एक्सेलेरेटर की स्थापना शामिल है। हाई टेक सिटी मुख्य रूप से आईटी, फिनटेक और मशीन लर्निंग पर ध्यान केंद्रित करेगी, जबकि अटल इनोवेशन



स्टूडियो और एक्सेलेरेटर में कोडिंग, रोबोटिक्स, फैब लैब टेक्नोलॉजीज, मल्टीमीडिया और वीएफएक्स शामिल होंगे। यह बात राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने डिजिटल राजस्थान कॉन्क्लेव के 8वें संस्करण में दी। कॉन्क्लेव का आयोजन फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल द्वारा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के सहयोग से किया गया था।

### टेक्नो हब देश का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब

उन्होंने कहा कि राज्य में टेक्नो हब देश का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब है। राज्य में लगभग 4000 स्टार्टअप पंजीकृत हैं और 30,000 से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप और उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थियों को भी उद्यमिता के प्रति शिक्षित व प्रेरित किया जा रहा है।

### प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार

अजय डाटा ने ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में प्रत्येक 12,000 लोगों पर 1 स्टार्टअप है, जबकि राजस्थान में यह अनुपात प्रत्येक 20,000 लोगों पर 1 स्टार्टअप है। उन्होंने विभिन्न उपकरणों से लोगों के जीवन के हर पहलू में एआई और इंटरनेट के क्रांतिकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला और विकसित होती प्रौद्योगिकियों के लिए तेजी से अनुकूलन की आवश्यकता पर जोर दिया। फिक्की राजस्थान उप-कमेटी ऑन आईटी और स्टार्टअप के चेयरमैन और पिनेकल इन्फोटेक के सीईओ बिमल पटवारी ने बताया कि प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 21 फरवरी, 2024



सुख हो लेकिन शांति ना हो तो समझना कि आप सुविधा को गलती से सुख समझ रहे हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### पापुआ न्यू गिनी में कबीलों के बीच संघर्ष

# खूनी नरसंहार में 64 लोगों की मौत



**एजेंसी** | सिडनी

ओशिनियन देश पापुआ न्यू गिनी में तीन कबीलों के बीच खूनी संघर्ष में 64 लोगों की मौत हो गई। यह कबीले एक दूसरे को प्रतिद्वंदी मानते हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि कबीलों के बीच आपसी वचर्स्व को लेकर संघर्ष हुआ। बताया जा रहा है कि हिंसा देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से करीब 600 किमी नार्थ वेस्ट में स्थित वाबाग शहर के करीब हुई। कबीले के सदस्यों ने एक दूसरे के विरोधी गुटों पर ऑटोमैटिक हथियारों से फारिंग। सहायक पुलिस आयुक्त सैमसन कुआ ने बताया कि दो कबीलों ने विरोधी गुट पर घात लगाकर हमले किए थे। इसके बाद ऊपरी इलाकों से खून से लथपथ 64 शव बरामद किए गए हैं। अभी भी झाड़ियों में कुछ लाश पड़े होने की संभावना है।

### वीडियो और तस्वीरें भी मिली

पुलिस को घटनास्थल से कथित तौर पर ग्राफिक वीडियो और तस्वीरें भी मिली हैं। अधिकारियों ने बताया कि सड़क किनारे और एक फ्लैटबेड ट्रक के पीछे खून से लथपथ शवों का ढेर पड़ा था। गौरतलब है कि पापुआ न्यू गिनी में हाईलैंड कबीलों के बीच सदियों से संघर्ष होता रहा है। हालांकि बीते कुछ समय से इस तरह की घटनाएं बढ़ गई हैं। कबीले के लोग अब एक दूसरे पर हमले को अंजाम देने के लिए ऑटोमैटिक हथियारों का इस्तेमाल करने लगे हैं। यही वजह है कि हाल के दिनों में होने वाले ऐसे कबिलाई संघर्ष पहले से कहीं ज्यादा घातक साबित हो रहे हैं।

### ऑटोमैटिक हथियारों का हुआ इस्तेमाल

पुलिस के मुताबिक, खूनी संघर्ष के दौरान एम-16, एके-47, एआर-15 और एम-4 जैसे आधुनिक ऑटोमैटिक राइफल का इस्तेमाल किया गया। इसके साथ ही पंप एक्शन शॉटगन और घर में तैयार किए गए हथियारों से भी हमले किए गए। संघर्ष में शामिल कबीलों के पास एक शस्त्रागार होने की बातें भी सामने आई है।

### सरकार ने हिंसा कंट्रोल करने की कई कोशिश की

पापुआ न्यू गिनी की सरकार ने हिंसा को कंट्रोल करने की कई कोशिशें की हैं। जनजातीय गुटों में सुलह कराया गया है। दोषियों से माफी मंगवाई गई है। इस तरह के खूनी संघर्ष अक्सर दूरदराज के इलाकों में होते हैं। कबीले के लोग एक दूसरे पर हुए पुराने हमलों का बदला लेने के लिए घात लगाकर विरोधी गुटों पर हमले को अंजाम देते हैं।

### अब तक इजराइल ने कर ली 20 हजार कामगारों की भर्ती

# भारत से एक लाख 'फौज' की डिमांड कर रहा इजराइल

**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा में चल रही हिंसा के बीच इजराइल ने भारत से करीब 20 हजार वर्कर्स की भर्ती कर ली है। फिलिस्तीनी कामगारों से खतरे को देखते हुए अब इजराइल विदेशी वर्कर्स पर निर्भर होने जा रहा है और इसमें दोस्त भारत उसे बड़े अवसर के रूप में दिख रहा है। उत्तर प्रदेश और बिहार से 10-10 हजार वर्कर्स की भर्ती हो गई है। इनमें प्लास्टर करने वाले, टाइल्स लगाने वाले, वेल्डिंग करने वाले प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन भारतीयों को सालाना 16 लाख 47 हजार रुपए का भारी भरकम सैलरी पैकेज दिया जा रहा है। इजराइल ने पहले चरण के भर्ती पूरी की है और उसका इरादा भारत से 50 हजार से लेकर 1 लाख लोगों को भर्ती करने का है। इस बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इजराइल में काम की परिस्थितियां बहुत खराब हैं और यूरोप से ज्यादा कंस्ट्रक्शन वर्कर्स की जान इजराइल में जाती है।

इजराइल बिल्डर्स संघ के उपाध्यक्ष हैम फेइगलिन के मुताबिक इजराइल का इरादा 50 हजार से लेकर 1 लाख वर्कर्स को भारत से बुलाने का है। इजराइल को भारत सरकार से भर्ती प्रक्रिया में मदद मिल रही है। इजराइल ने अभी जो भर्तियां की हैं, उनमें ज्यादातर कारपेंटर, टाइल लगाने वाले और प्लास्टर करने वाले कामगार शामिल हैं। भारत के उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्य में हजारों लोगों ने इजराइल की इस परीक्षा में हिस्सा लिया और उनमें से 20 हजार का अभी चयन हुआ है। ये सभी भारतीय फिलिस्तीनी वर्कर्स की जगह लेंगे, जिन्हें हमास के हमले के बाद अब इजरायल अपने देश में घुसने तक नहीं दे रहा है।






### इजराइल में यूरोप से भी ज्यादा मरते हैं मजदूर

इजराइल एक तरफ जहां भारतीयों की जमकर भर्ती करने के प्लान पर काम कर रहा है, वहीं कई विश्लेषक तो युद्ध के बीच इजराइल में भारतीयों को जाने देने की अनुमति देने के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। हमास के हमले से होने वाले खतरे को छोड़ें, एक भारतीय अधिकारी ने तो इजराइल अखबार से बातचीत में वहां काम की परिस्थितियों को लेकर सवाल उठा दिया। भारतीय अधिकारी ने कहा, 'इजराइल में लेबर लॉ बहुत सख्त है और ज्यादा हैं।'

### जेल में हुई थी रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत

# अब पुतिन के खिलाफ आवाज उठाएंगी यूलिया

**एजेंसी** | मॉस्को



रूस की जेल में पति एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद यूलिया नवलनया ने कहा है कि अब वह व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाएंगी। यूलिया ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि वह अपने पति एलेक्सी नवलनी के शुरू किए काम को आगे जारी रखेंगी। एलेक्सी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कट्टर आलोचक थे। उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में जेल में मौत हुई है। यूलिया ने एक बार फिर ये भी दोहराया है कि जेल में उनके पति की स्वभाविक मौत नहीं हुई है बल्कि राष्ट्रपति पुतिन ने साजिश रचकर उनकी हत्या कराई है।

यूलिया का ये बयान ऐसे समय सामने आया है, जब नवलनी के परिवार और राजनीतिक सहयोगियों ने रूसी अधिकारी उनका शव देने की मांग की है। यूलिया ने कहा, "मुझे आज इस बयान के लिए यहां नहीं होना चाहिए था। मेरी जगह एक अलग व्यक्ति को होना चाहिए लेकिन मैं यहां ये कहने आई हूं कि मैं एलेक्सी के काम को रुकने नहीं दूंगी।






### नासा करेगा लॉन्च

# जापान ने लकड़ी से बनाया सैटेलाइट

**एजेंसी** | टोक्यो

अपनी तकनीकों के लिए मशहूर जापान ने एक नया कारनामा कर दिखाया है। जापान ने दुनिया का पहला लकड़ी से बना सैटेलाइट तैयार किया है। इसे लिग्नोसैट नाम दिया गया है। लिग्नौसेट को एक खास किस्म की लकड़ी मैगनोलिया की मदद से बनाया गया है। इस लकड़ी को लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर प्रयोग किया गया। इस दौरान यह पाया गया है कि इसमें दरार नहीं पड़ती और यह अंतरिक्ष में स्थिर भी रह सकता है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस सैटेलाइट को लॉन्च करने में जापान की मदद करेगा। लिग्नौसैट को क्योटो विश्वविद्यालय और लॉगिंग कंपनी सुमितोमो वानिकी के वैज्ञानिकों ने डेवलप किया है। इस सैटेलाइट के जरिए यह जानने की कोशिश की जा रही है कि अंतरिक्ष में बायोडिग्रेडेबल यानी की आसानी से नष्ट हो जाने वाली चीजों का इस्तेमाल कैसा किया जा सकता है। इस प्रयोग से यह जाना जा सकेगा कि अंतरिक्ष में लकड़ी या इस तरह के दूसरे बायोडिग्रेडेबल चीजें कारगर साबित होती या नहीं।



**क्यों आया ख्याल:** अंतरिक्ष में बढ़ते मेटल वेस्ट की समस्या को ध्यान में रखते हुए जापान ने बायोडिग्रेडेबल सैटेलाइट बनाने के प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया। इसमें कई प्रकार की लकड़ियों पर रिसर्च शुरू किया गया। पता लगाने की कोशिश हुई कि आखिर कौन से लकड़ी ऐसी है जो सैटेलाइट लॉन्च होने और पृथ्वी की कक्षा में चक्कर काटने के दौरान ज्यादा देर तक टिकी रह सकती है। इस दौरान मैगनोलिया लकड़ी पर पहले लैब में और फिर उसके बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में टेस्टिंग की गई।

### क्यों महत्वपूर्ण है मिशन

लकड़ी से बने सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने का यह जापान का मिशन पर्यावरण के लिहाज से बेहद अहम है। यह एक बायोडिग्रेडेबल चीज से बनाई गई है। इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा। ऐसा कहा जाता है कि नॉन बयोडिग्रेडेबल चीजें अगले 2000 साल में पूरी तरह से खत्म हो जाएंगी। ऐसे में इन चीजों के खत्म होने के बाद भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में रिसर्च जारी रखने की उम्मीद जगेगी। जैसे जैसे विज्ञान के क्षेत्र में तरक्की कर रहे हैं अंतरिक्ष में नॉन बायोडिग्रेडेबल मलबे बढ़ रहे हैं। इनमें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के टूटे हिस्से, सैटेलाइट में इस्तेमाल होने वाले एल्युमिनियम और रॉकेट में इस्तेमाल होने वाल मेटल्स के अवशेष शामिल हैं। इससे अतंरिक्ष के इको सिस्टम को नुकसान पहुंचने की संभावना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए क्योटो यूनिवर्सिटी के रिसचर्स ने इस नई खोज पर काम शुरू किया।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl